# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

द समर न्यूज़

सूर्योदय सुबह 7:04 बजे
सूर्यास्त शाम 5:25 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-83 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • शुक्रवार 28 नवंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर


# भारत बनेगा वैश्विक स्पेस लॉन्च हब: पीएम मोदी

## भारत का पहला प्राइवेट रॉकेट 'विक्रम-I' लॉन्च, भारत के स्पेस भविष्य की पहचान

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**



भारत के स्पेस सेक्टर में एक नया और ऐतिहासिक अध्याय दर्ज हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने Skyroot के Infinity Campus के उद्घाटन अवसर पर देश के युवाओं, स्टार्टअप्स और प्राइवेट स्पेस कंपनियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, आंध्र प्रदेश के उद्योग मंत्री टी. जी. भारत, इन-स्पेस चेयरमैन पवन गोयनका और Skyroot टीम के सदस्य उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि भारत अब वैश्विक सैटेलाइट लॉन्च इकोसिस्टम में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत के स्पेस इकोसिस्टम में प्राइवेट सेक्टर एक अभूतपूर्व उड़ान भर रहा है। Skyroot का Infinity Campus देश की नई सोच, नवाचार और युवाओं की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने Skyroot के युवा संस्थापकों पवन कुमार चंदना और नागा भरत डाका की सराहना करते हुए कहा, "आप जैसे युवाओं ने साबित कर दिया है कि यदि सपने बड़े हों और संकल्प दृढ़ हो, तो सीमाएँ मायने नहीं रखतीं।"

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा बहुत सीमित संसाधनों के साथ शुरू हुई थी साइकिल पर रॉकेट का हिस्सा ले जाने से लेकर दुनिया के सबसे भरोसेमंद लॉन्च वाहन बनाने तक। उन्होंने कहा कि ISRO की विश्वसनीयता और क्षमता ने भारत को वैश्विक स्पेस उद्योग में अलग पहचान दिलाई है।

उन्होंने बताया कि देश के स्पेस सेक्टर के विस्तार के लिए ऐतिहासिक सुधार किए गए हैं। सरकार ने स्पेस सेक्टर को निजी नवाचारों के लिए खोल दिया है, नई स्पेस पॉलिसी बनाई है, और IN-SPACe के माध्यम से स्टार्टअप्स को ISRO की तकनीक और सुविधाएँ उपलब्ध करवाई हैं। परिणामस्वरूप, आज देश में 300 से अधिक स्पेस स्टार्टअप्स सक्रिय हैं, जो भारत के स्पेस फ्यूचर को नई दिशा दे रहे हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की जेन-जी पीढ़ी – इंजीनियर्स, डिज़ाइनर्स, कोडर्स और वैज्ञानिक उन क्षेत्रों में काम कर रही है जिनकी एक दशक पहले कल्पना भी कठिन थी। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में ग्लोबल स्पेस इकॉनमी कई गुना बढ़ने वाली है, और भारत के पास वह क्षमता, प्रतिभा और दक्षता मौजूद है जो इसे वैश्विक हब बना सकती है। प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भारत में सैटेलाइट निर्माण और लॉन्च सेवाओं में बढ़ती रुचि का भी उल्लेख किया। पीएम मोदी ने स्टार्टअप क्रांति का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में अब नवाचार केवल ऐप्स और सर्विसेज तक सीमित नहीं है।

देश तेजी से deep-tech, मैन्युफैक्चरिंग और hardware innovation में आगे बढ़ रहा है। सेमीकंडक्टर सेक्टर में बड़े निवेश, चिप निर्माण और डिज़ाइन हब्स का विकास भारत को तकनीकी महाशक्ति बनाएगा। उन्होंने घोषणा की कि सरकार न्यूक्लियर सेक्टर को भी प्राइवेट इनोवेशन के लिए खोलने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

युवा प्रतिभाओं के लिए सरकार के प्रयासों पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन, "वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन", और एक लाख करोड़ के R&D फंड के माध्यम से युवाओं को रिसर्च और इनोवेशन में बड़े अवसर मिलेंगे। आने वाले दिनों में 50,000 नई अटल टिंकरिंग लैब्स भी बनेंगी। अंत में पीएम मोदी ने कहा, "आने वाला समय भारत का है, भारत के युवाओं का है, भारत के इनोवेशन्स का है। हमारी स्पेस आकांक्षाएँ आने वाले पांच वर्षों में नई ऊँचाइयों को छूएंगी।" उन्होंने Skyroot टीम को बधाई देते हुए भरोसा दिया कि सरकार हर कदम पर स्टार्टअप्स और नवाचारों के साथ खड़ी है।

### जानिए स्काईरूट के 7 साल की स्पेस सफलता यात्रा



*स्काईरूट एयरोस्पेस, जिसकी स्थापना 12 जून 2018 को हैदराबाद में हुई, आज भारत के सबसे सफल प्राइवेट स्पेस स्टार्टअप्स में गिना जाता है। इसके संस्थापक पवन चंदना और भरत ढाका हैं, जिन्होंने महज सात वर्षों में कंपनी को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया है। 2018 में तेलंगाना के हैदराबाद में ऑफिस स्थापित करने के बाद स्काईरूट ने 2020 में अपने पहले प्राइवेट रॉकेट इंजन रमन-1 का स्टैटिक फायर टेस्ट सफलतापूर्वक किया। 2021 में कंपनी ने इतिहास रचते हुए भारत का पहला प्राइवेट क्रायोजेनिक इंजन धवन-1 टेस्ट फायर किया। इसके बाद 2022 में स्काईरूट ने भारत का पहला प्राइवेट सब-ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-एस लॉन्च कर अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की। वर्ष 2024 में कंपनी ने अपने सबसे बड़े रॉकेट स्टेज कलाम-250 का सफल स्टैटिक फायर किया। और 2025 में स्काईरूट ने भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-I तैयार कर लिया, जिससे भारत के प्राइवेट स्पेस सेक्टर में एक और मील का पत्थर जुड़ गया।*

## न्यूज़ ब्रीफ

### ढाका की कोराइल बस्ती में भीषण आग

**ढाका**| बांग्लादेश की राजधानी ढाका की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती कोराइल में मंगलवार शाम भड़की आग ने 1500 से अधिक घरों को राख कर दिया, जिससे हजारों लोग बेघर हो गए। आग इतनी भीषण थी कि फायर ब्रिगेड को इसे बुझाने में 16 घंटे से ज्यादा का समय लग गया। फायर अधिकारी राशेद बिन खालिद के अनुसार, आग की शुरुआत खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फटने से हुई। बस्ती की संकरी गलियों और घनी आबादी के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। संकरी जगह होने से दमकल वाहन अंदर नहीं पहुंच पाए, जिससे आग पर काबू पाने में देरी हुई। कोराइल बस्ती लगभग 160 एकड़ में फैली है और करीब 80 हजार लोग यहां रहते हैं। घायलों और मृतकों की जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है।

### सीएम सैनी ने टेस्ला सेंटर का किया उद्घाटन


**गुरुग्राम**| हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को गुरुग्राम में टेस्ला के राज्य के पहले एक्सपीरियंस एंड डिलीवरी सेंटर का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि टेस्ला जैसी विश्व-प्रसिद्ध इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी का गुरुग्राम आना हरियाणा के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इसे साइबर सिटी और पूरे प्रदेश के विकास की नई छलांग बताया। मुख्यमंत्री ने टेस्ला का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि इस कदम से हरियाणा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेक्टर में नए अवसरों और निवेश को आकर्षित करेगा।

### हार्दिक राठी की मौत पर सीएम मान ने जताया शोक

**रोहतक**| रोहतक जिले के लखनमाजरा में अभ्यास के दौरान बास्केटबॉल पोल गिरने से 16 वर्षीय राष्ट्रीय खिलाड़ी हार्दिक राठी की मौत के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान उनके परिवार से मिलने पहुंचे और शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने इस घटना को बेहद शर्मनाक और खेल जगत के लिए सदमे वाला बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने पहले भी मैदान की खराब हालत की शिकायत की थी, लेकिन सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। मान ने हरियाणा सरकार से लापरवाही की जिम्मेदारी तय करने, पीड़ित परिवार को मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

# अंबाला में गजक फैक्ट्री में धमाका, मां-बेटे की मौत, बच्ची गंभीर घायल

**समर न्यूज़ | अंबाला**



अंबाला में दोपहर एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। दोपहर करीब 2 बजे गजक बनाने के दौरान डीज़ल से चलने वाली भट्ठी में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। धमाके के तुरंत बाद घर में आग भड़क उठी और देखते ही देखते लपटों ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में दो बच्चों समेत तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। आसपास के लोगों ने तेज़ धमाके के बाद दौड़कर घर की ओर रुख किया, लेकिन आग का फैलाव इतना तेज था कि अंदर फंसे लोगों को निकालना बेहद मुश्किल हो गया। घबराहट के बीच स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हादसे में झुलसे तीन लोगों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन 4 वर्षीय प्रियांशु और उसकी 25 वर्षीय मां एकता की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल 13 वर्षीय अनुष्का शर्मा की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे अत्यधिक झुलसन के कारण PGI चंडीगढ़ रेफर किया गया है। स्थानीय लोगों से हुई पूछताछ में पता चला कि घर मालिक राजा गोलगप्पे और गजक बनाने का काम करता है। जिस समय हादसा हुआ, वह घर से बाहर था। परिवार में राजा, उसकी पत्नी एकता, बेटा प्रियांशु और अनुष्का (एकता की भांजी) रहते थे। घटना के समय घर में गजक तैयार की जा रही थी तथा डीज़ल भट्ठी का प्रयोग हो रहा था। अचानक भट्ठी में हुए तेज धमाके ने पूरे कमरे को आग की लपटों में ढकेल दिया। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आस-पास की गलियों में भी लोग घरों से बाहर निकल आए। आग तेजी से फैली और घर के भीतर मौजूद तीनों लोग घिर गए। समय पर बचाव नहीं होने के कारण स्थिति और गंभीर हो गई। हादसे ने इलाके में मातम का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और भट्टी फटने के कारणों की भी पड़ताल की जा रही है।

# शहीद की बेटी का 50 सैनिकों ने किया कन्यादान

## 2006 में कश्मीर के बारामूला में आतंकी हमले में शहीद हुए थे सुरेश सिंह भाटी

**समर न्यूज़ | नोएडा**

ग्रेटर नोएडा के डाबरा गांव में एक ऐसा पल देखने को मिला, जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर दीं। गांव के शहीद सुरेश सिंह भाटी की बेटी की शादी थी और पूरा परिवार खुशी और तैयारी में व्यस्त था। बारात कासना गांव से आ चुकी थी, तभी अचानक सेना के जवानों से भरी एक बस शादी स्थल के बाहर आकर रुकी। लोगों ने उत्सुकता से बस की ओर देखा और अगले ही क्षण भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

बस से करीब 50 सैनिक उतरकर सीधे मंडप की ओर बढ़े। उन्होंने परिवार से कहा कि वे शहीद सुरेश सिंह भाटी की बेटी का कन्यादान करना चाहते हैं। यह सुनते ही पंडाल में मौजूद सभी लोग भावुक हो उठे। शादी का माहौल कुछ ही पलों में श्रद्धा और सम्मान से भर गया।



शहीद सुरेश सिंह भाटी की बेटी की शादी में पहुंचे जवान, इनसेट में शहीद सुरेश सिंह भाटी की फाइल फोटो। -समर न्यूज़

गांव के स्थानीय लोगों ने बताया कि सुरेश सिंह भाटी 2006 में कश्मीर के बारामूला में आतंकी हमले में शहीद हुए थे। उनकी वीरता के किस्से आज भी गांव में गर्व के साथ सुनाए जाते हैं। उनका बेटा हर्ष भाटी भी वर्तमान में सेना में सेवा दे रहा है और पिता की बहादुरी को आगे बढ़ा रहा है। शहीद परिवार ने सेना को आमंत्रण भेजा था, लेकिन इतने बड़े स्तर पर जवानों का इस तरह शामिल होना परिवार के लिए अप्रत्याशित और बेहद मार्मिक था। कन्यादान के दौरान जवानों ने शहीद सुरेश भाटी की वीरता, जिम्मेदारी और साहस का स्मरण किया। कई सैनिकों ने बेटी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि "शहीद केवल परिवार का नहीं, पूरे देश का बेटा होता है और उसका परिवार भारत का परिवार बन जाता है। विदाई का पल भी उतना ही भावुक रहा। जवानों ने दुल्हन को आशीर्वाद दिया और परिवार को भरोसा दिलाया कि सेना हमेशा शहीदों के परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

यह अनोखी और भावुक कर देने वाली शादी न सिर्फ डाबरा गांव बल्कि पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का कहना है कि इस घटना ने पूरे गांव को फिर से याद दिलाया कि देश के लिए बलिदान देने वाले कभी अकेले नहीं होते उनका परिवार पूरा भारत होता है।

# ईडी ने 10 राज्यों में 15 ठिकानों पर की छापेमारी

## मेडिकल कॉलेज निरीक्षण में हेराफेरी और रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच तेज

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**



राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से जुड़े कथित रिश्वतकांड में प्रवर्तन निदेशालय ने देशव्यापी सर्च ऑपरेशन चलाते हुए आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कुल 15 ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी की यह कार्रवाई सीबीआई द्वारा 30 जून को दर्ज की गई 225 एफआईआर के आधार पर की गई है। इन एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि मेडिकल कॉलेजों के निरीक्षण से जुड़ी गोपनीय जानकारी के बदले राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग सहित कई सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी गई। बदले में इन अधिकारियों ने निरीक्षण संबंधी संवेदनशील जानकारी को विभिन्न कॉलेजों से जुड़े मैनेजरों और बिचौलियों तक पहुंचाया। एफआईआर के अनुसार, इस गोपनीय जानकारी का इस्तेमाल कर आरोपी निरीक्षण मानकों में हेराफेरी करने में सफल रहे और इस प्रक्रिया में संबंधित मेडिकल कॉलेजों को शैक्षणिक कोर्स चलाने की मंजूरी दिला दी गई। यह मामला देश में मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता और अनुमोदन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ईडी की तलाशी कार्रवाई में सात मेडिकल कॉलेजों से जुड़े परिसरों सहित कई निजी व्यक्तियों के घरों और दफ्तरों की भी जांच की जा रही है। ये सभी वे लोग हैं जिन्हें सीबीआई की एफआईआर में आरोपी के रूप में नामज़द किया गया है। जांच एजेंसियों का कहना है कि यह मामला मेडिकल कॉलेजों की मान्यता प्रक्रिया में एक बड़े सिस्टमेटिक भ्रष्टाचार की ओर संकेत करता है। ईडी बरामद दस्तावेजों और डिजिटल डेटा के आधार पर आगे की पूछताछ करेगी।

# मां करवा रही थी बच्ची से धंधा

**समर न्यूज़ | मुंबई**

मुंबई से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहां 10वीं की छात्रा ने अपनी मां पर उसे जबरन देह व्यापार में शामिल कराने का गंभीर आरोप लगाया है। लड़की ने बताया कि उसकी मां और पड़ोसी ने उससे पैसे कमाने के लिए इस गंदे काम में धकेल दिया और मजबूर किया। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत लड़की की स्कूल टीचर ने की थी। लड़की ने टीचर को बताया कि अप्रैल से लेकर शिकायत दर्ज होने तक उसे जबरन देह व्यापार कराया जाता रहा। लड़की ने बताया कि वह इस अत्याचार से परेशान होकर कई बार घर से भाग चुकी है। इस घटना की जानकारी मिलने पर लड़की ने अपनी आप बीती स्कूल टीचर को बताई। उन्होंने तुरंत स्कूल प्रबंधन को बताया, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।पुलिस ने लड़की की मां और उसके पड़ोसी के खिलाफ BNS की धारा 64 (रेप), 98 (बच्चे को देह व्यापार के लिए बेचने) और POCSO एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# चीन में टेस्ट ट्रेन की टक्कर से 11 रेलवे कर्मचारियों की मौत

**समर न्यूज़ | युन्नान**

चीन के दक्षिणी प्रांत युन्नान में गुरुवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा हुआ, जिसमें 11 रेलवे कर्मचारियों की मौत हो गई और 2 घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब भूकंप मॉनिटरिंग उपकरणों की जांच कर रही एक टेस्ट ट्रेन अनजाने में उन कर्मचारियों से टकरा गई जो ट्रैक पर काम कर रहे थे। हादसा कुनमिंग शहर के लुओयांगजेन रेलवे स्टेशन के पास हुआ, जहां कर्मचारी टर्निंग ट्रैक की मरम्मत कर रहे थे।

सरकारी चैनल सीसीटीवी के अनुसार, ट्रेन नंबर 55537 भूकंप मापने वाले उपकरणों की टेस्टिंग के दौरान गलत ट्रैक पर चली गई, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद रेलवे और स्थानीय प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। यह दुर्घटना 2011 के झेजियांग रेल हादसे के बाद चीन में दूसरी सबसे गंभीर ट्रेन दुर्घटना मानी जा रही है, जिसमें 40 लोगों की जान गई थी।

चीन दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्कों में से एक का संचालन करता है, जिसकी लंबाई 1,60,000 किलोमीटर से अधिक है। तेज और आधुनिक हाई-स्पीड रेल के लिए चीन की विश्वभर में सराहना होती है, लेकिन समय-समय पर होने वाले हादसे उसके सुरक्षा ढांचे पर सवाल खड़े करते हैं।

## सिटीज़न रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

## चीन से वैकल्पिक रूट की अनुमति की मांग

# भारत–पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद होने से भारतीय एयरलाइंस को भारी नुकसान

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**




पिछले आठ महीनों से भारत और पाकिस्तान द्वारा एक-दूसरे के विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद रखने के चलते भारतीय एयरलाइंस को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। इसी आर्थिक दबाव के कारण भारत अब चीन के ऊपर से वैकल्पिक हवाई मार्ग इस्तेमाल करने की अनुमति मांगने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि यदि चीन ने यह अनुमति दे दी तो भारत को सालाना 2,000 करोड़ रुपये तक की बचत हो सकती है, क्योंकि उड़ान समय प्रति फ्लाइट 20–35 मिनट तक घट जाएगा। बताया जा रहा है कि इस मुद्दे पर दिल्ली में चीन के राजदूत से अनौपचारिक बातचीत शुरू हो चुकी है।

पाकिस्तान ने हाल ही में भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध एक महीने और बढ़ाकर 24 दिसंबर 2025 तक लागू कर दिया है। भारत ने भी जवाबी कदम के रूप में पाकिस्तानी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद रखा है। लेकिन प्रतिबंधों का सबसे बड़ा नुकसान भारतीय एयरलाइंस को हो रहा है, क्योंकि भारत से यूरोप, अमेरिका, कनाडा और मध्य एशिया जाने वाली उड़ानों को 30–50 मिनट अतिरिक्त रूट लेना पड़ रहा है, जिससे ईंधन खर्च 25–35% तक बढ़ गया है।

एयर इंडिया को अकेले लगभग 4,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ा है, जबकि इंडिगो, स्पाइसजेट और अन्य एयरलाइंस को भी सैकड़ों करोड़ का नुकसान हुआ है।

### ▪ चीन के शिनजियांग एयर कॉरिडोर पर नजर

*सूत्रों के अनुसार एयर इंडिया ने सरकार को एक गोपनीय प्रस्ताव भेजकर चीन के शिनजियांग एयर कॉरिडोर का उपयोग करने की सिफारिश की है। इससे उड़ानें पाकिस्तान को पूरी तरह बाईपास कर सकेंगी और कश्कर, उरूमची या होटन के रास्ते लगभग 5 टन ईंधन प्रति उड़ान की बचत होगी। भारत ने चीन से इमरजेंसी लैंडिंग और नाइट फ्लाइट की मंजूरी भी मांगी है।*

*हालांकि यह इलाका चीन का अत्यंत संवेदनशील सैन्य क्षेत्र है, लेकिन भारत–चीन के बीच फरवरी 2026 से दिल्ली–चेंगदू और दिल्ली–शंघाई उड़ानें शुरू होने के कारण अनुमति मिलने की संभावना बढ़ी है।*

**▪ शिनजियांग मार्ग की चुनौतियाँ**

*यह रूट दुनिया के सबसे ऊँचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जिसकी ऊंचाई 20,000 फीट से अधिक है। यहां आपातकालीन लैंडिंग के विकल्प बेहद सीमित हैं, और मौसम, ऑक्सीजन की कमी तथा तकनीकी जोखिमों के कारण एयरलाइंस इसे सामान्यतः टालती हैं।*

**▪ इतिहास में कब-कब बंद रहा हवाई क्षेत्र?**

*1965 और 1971 के युद्धों, 1999 की कारगिल लड़ाई तथा 2019 के पुलवामा–बालाकोट घटनाक्रम के बाद भी दोनों देशों ने एक-दूसरे के हवाई क्षेत्र बंद किए थे। 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों ने फिर प्रतिबंध लगाए, जो अब 24 दिसंबर तक जारी रहेंगे।*

# खून से लथपथ घर लौटी मासूम बोली- 'पापा, वही अंकल जंगल ले गया'; रायसेन में 6 वर्षीय बच्ची से दरिंदगी, आरोपी फरार

## एम्स में जिंदगी की जंग; इलाज में तीन घंटे की देरी ने बढ़ाई स्थिति की गंभीरता

रायसेन | भोपाल
समर न्यूज़

रायसेन जिले के गौहरगंज क्षेत्र में छह साल की एक मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। गुरुवार शाम को कॉलोनी से अचानक लापता हुई बच्ची जब रात आठ बजे घर लौटी तो उसकी हालत किसी भी माता-पिता के लिए देखने लायक नहीं थी। वह खून में पूरी तरह लथपथ थी, शरीर पर चोटों के गहरे निशान थे और कपड़े फटे हुए थे। बच्ची ने पिता को देखते ही चिल्लाकर कहा,"पापा जो अंकल शाम को आए थे, वही मुझे जंगल ले गया"इतना कह पाते ही वह पिता की बांहों में बेहोश होकर गिर पड़ी। घर में मौजूद हर व्यक्ति उस दृश्य को देखकर दहशत में आ गया।

परिजन तुरंत उसे गौहरगंज के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए औबेदुल्लागंज और फिर भोपाल एम्स रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची को गंभीर आंतरिक चोटें आई थीं और अत्यधिक रक्तस्राव की वजह से उसकी जान को तत्काल खतरा पैदा हो गया था। निजी अंगों की हालत इतनी बिगड़ी थी कि सर्जरी के दौरान डॉक्टरों को क्षतिग्रस्त हिस्सों को बायपास कर नई संरचना तैयार करनी पड़ी, ताकि शरीर की मूल क्रियाएं सामान्य रूप से जारी रह सकें। अभी भी बच्ची को कम से कम तीन और सर्जरी का सामना करना पड़ेगा। डॉक्टरों का कहना है कि पूरी रिकवरी में छह महीने या उससे अधिक समय लग सकता है और भविष्य में भी कुछ चिकित्सीय जटिलताएं बनी रह सकती हैं।

घटना का आरोपी 23 वर्षीय सलमान खान बताया गया है, जो पिछले कुछ महीनों से कॉलोनी के आसपास ही रह रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार वह अक्सर बच्चों


आरोपी सलमान - समर न्यूज़

से घुलमिल जाता था और उन्हें टॉफियां देकर उनसे दोस्ती बढ़ाता था, जिससे वह मोहल्ले में "टॉफी वाला अंकल" के नाम से जाना जाने लगा था। पीड़िता के परिवार का कहना है कि घटना से ठीक कुछ देर पहले आरोपी घर आया था और पिता से बात करके चला गया था। बच्ची भी उसे पहचानती थी, इसलिए शायद उसे किसी खतरे का अंदेशा नहीं हुआ। परिवार का कहना है कि आरोपी इस भरोसे का फायदा उठाकर बच्ची को जंगल की ओर ले गया और वहां उसके साथ बर्बरतापूर्ण अत्याचार किया।

मां ने बताया कि जब उन्होंने बेटी को देखा तो उसके गाल सूज चुके थे, जैसे किसी ने उसे जोर से कई बार थप्पड़ मारे हों। उसके घुटनों, हाथों और कमर पर गहरे चोट के निशान थे और शरीर का लगभग हर हिस्सा घायल था।

मां का कहना है कि बच्ची बार-बार डर के मारे चिपक जाती है और सदमे की वजह से ठीक से बोल भी नहीं पा रही है। डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची के मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका लम्बे समय तक असर रह सकता है, जिसके लिए मनोवैज्ञानिक उपचार की भी आवश्यकता पड़ेगी।

इस घटना ने स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था की खामियों को भी उजागर कर दिया। परिजनों और सूत्रों के अनुसार, बच्ची को पहले गौहरगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां घटनास्थल की गंभीरता देखते हुए लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। अस्पताल में लगभग 600-700 लोगों का हुजूम खड़ा था, जबकि उस समय बीएमओ ड्यूटी पर मौजूद नहीं थीं। यही नहीं, 108 एम्बुलेंस में पेट्रोल तक उपलब्ध नहीं था और सरकारी एम्बुलेंस पहले से ही खराब पड़ी हुई थी। इन अव्यवस्थाओं के कारण औबेदुल्लागंज से भोपाल एम्स तक पहुंचने में तीन घंटे से अधिक का समय लग गया, जिससे बच्ची का काफी खून बह गया और उसकी हालत और गंभीर होती चली गई।

इस घटना के बाद गौहरगंज में भारी जन-आक्रोश उमड़ा हुआ है। पांच दिनों से स्थानीय लोग थाने के बाहर धरना देकर आरोपी की गिरफ्तारी और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। भीड़ का आरोप है कि पुलिस की शुरुआती लापरवाही के कारण आरोपी फरार होने में सफल रहा। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और इस मामले में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। कई लोग तो आरोपी के एनकाउंटर की भी मांग कर रहे हैं।

घटना के पांच दिन बाद भी आरोपी सलमान खान अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठते दिख रहे हैं और लोग यह जानना चाहते हैं कि इतने बड़े मामले के बावजूद आरोपी फरारी कैसे हो गया। पुलिस का कहना है कि उसकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं और छापेमारी जारी है।

इधर, एम्स में बच्ची जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। डॉक्टरों की एक टीम उस पर लगातार नजर रखे हुए है। परिवार अस्पताल में ही बैठा है और हर क्षण उम्मीद कर रहा है कि उनकी बेटी जल्द स्वस्थ होकर घर लौटे। बच्ची की मां ने रोते हुए कहा, "हमें सिर्फ न्याय नहीं चाहिए, हमें यह भी चाहिए कि किसी और की बेटी के साथ ऐसा कभी न हो।"

# पंजाब सरकार ने आशीर्वाद योजना के तहत 22.66 करोड़ रुपये जारी किए - डॉ. बलजीत कौर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार ने आशीर्वाद योजना के अंतर्गत चालू वित्त वर्ष 2025-26 में निर्धारित जातियों से संबंधित 4,443 लाभार्थियों के लिए 22.66 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। यह राशि राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त योग्य आवेदनों की मंजूरी के बाद जारी की गई है।

मंत्री ने जानकारी दी कि आशीर्वाद पोर्टल पर अमृतसर, बरनाला, बठिंडा, फिरोज़पुर, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, मानसा, श्री मुक्तसर साहिब, पटियाला, पठानकोट, रूपनगर, एस.ए.एस. नगर, संगरूर और मालेरकोटला— इन 15 ज़िलों से कुल 4,443 योग्य आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनको कवर करने के लिए यह राशि जारी की गई है। जारी की गई राशि के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी के बैंक खाते में 51,000 रुपये की वित्तीय सहायता सीधे बैंक हस्तांतरण (डी.बी.टी.) के माध्यम से भेजी जा रही है। जिला-वार लाभार्थियों की संख्या इस प्रकार है—अमृतसर 1297, बरनाला 18,


डॉ. बलजीत कौर - समर न्यूज़

बठिंडा 138, फिरोज़पुर 748, गुरदासपुर 394, होशियारपुर 105, जालंधर 470, मानसा 309, श्री मुक्तसर साहिब 239, पटियाला 52, पठानकोट 347, रूपनगर 38, एस.ए.एस. नगर 17, संगरूर 122 और मालेरकोटला 149।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि आशीर्वाद योजना के तहत राज्य सरकार निम्न-आय वर्ग से संबंधित परिवारों की पुत्रियों के विवाह के लिए 51,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। यह लाभ केवल उन परिवारों को दिया जाता है जो पंजाब के स्थायी निवासी हों, गरीबी रेखा से नीचे आते हों और अनुसूचित जाति, पिछड़ी श्रेणियों या अन्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में शामिल हों।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यूपीएससी को राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ बताया

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संघ लोक सेवा आयोगके शताब्दी सम्मेलन 'शताब्दी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए आयोग को राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ करार दिया। भारत मंडपम में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने यूपीएससी की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को भारत के लोकतांत्रिक और प्रशासनिक विकास में एक युग-परिभाषित अध्याय बताया। बिरला ने कहा कि योग्यता, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों पर आधारित यह संस्था लाखों युवा भारतीयों को सार्वजनिक सेवा के लिए प्रेरित करती रही है। उन्होंने उल्लेख किया कि डिजिटल युग, एआई, जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसी उभरती चुनौतियों के बीच यूपीएससी ने अपनी चयन प्रक्रियाओं को अधिक उन्नत, वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाकर सुशासन के नए मानदंड स्थापित



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला


- समर न्यूज़

किए हैं। विविध सामाजिक, भाषाई और भौगोलिक पृष्ठभूमि से आने वाली प्रतिभाओं को समान अवसर प्रदान कर आयोग ने भारत की जीवंत लोकतांत्रिक संरचना को मजबूत किया है।

**भारत 2047 के सपने में यूपीएससी की बढ़ती भूमिका**

अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि 2047 तक विकसित और समावेशी राष्ट्र बनने की दिशा में यूपीएससी की जिम्मेदारी और महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने आयोग की परीक्षा प्रणाली, पदोन्नति विधियों और डिजिटल अपनाने में सुधारों की सराहना की, जो बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने का उदाहरण हैं। बिरला ने विश्वास जताया कि यह शताब्दी वर्ष आयोग को नई ऊर्जा, दिशा और संकल्प प्रदान करेगा, जो राष्ट्र निर्माण के लिए शक्तिशाली पीढ़ी तैयार करने में सहायक होगा।

उन्होंने कहा कि यूपीएससी न केवल अधिकारियों का चयन करता है, बल्कि ऐसे सार्वजनिक सेवक तैयार करता है जो नवाचारी, नैतिक और वैश्विक स्तर पर अग्रणी भारत के संकल्प को साकार करेंगे। पिछले 100 वर्षों में आयोग ने जनता के विश्वास को मजबूत किया और प्रशासनिक व्यवस्था में भारत की विविधता को प्रतिबिंबित किया।

प्रमुख अतिथियों ने की सराहना, ऐतिहासिक आयोजन यूपीएससी अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने स्वागत भाषण में इस अवसर को आयोग की गौरव यात्रा का ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया और संवैधानिक आदर्शों-निष्पक्षता, योग्यता और समानता के प्रति पुन प्रतिबद्धता जताई।

# जत्थेदार गड़गज्ज ने जालंधर में 13 वर्षीय बच्ची के परिजनों से मुलाकात की

## दोषी ने दरिंदगी से की हत्या, उसे फांसी की सज़ा मिलनी चाहिए : जत्थेदार गड़गज्ज

समर न्यूज़ | जालंधर

अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार तथा तख्त केसगढ़ साहिब के जत्थेदार, सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने आज जालंधर में बीते दिन 13 वर्षीय बच्ची की हत्या के बाद उसके परिवार के घर पहुंचकर दुख साझा किया। परिजनों द्वारा आयोजित अखंड पाठ साहिब के भोग और अंतिम अरदास में शामिल होकर उन्होंने बच्ची की आत्मिक शांति के लिए स्वयं अरदास की और उपस्थित संगत को हुकमनामा सुनाया।

मुलाकात दौरान जत्थेदार गड़गज्ज ने परिवार से पूरी घटना की जानकारी ली और भरोसा दिलाया कि अकाल तख्त साहिब तथा संपूर्ण सिख समुदाय इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि



जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज - समर न्यूज़

आरोपी की यह हरकत शैतानी सोच का नतीजा है और ऐसी घटना की जितनी निंदा की जाए, कम है। 13 वर्षीय बच्ची की दरिंदगी से की गई हत्या को उन्होंने बेहद दर्दनाक बताया।

जत्थेदार गड़गज्ज ने कहा कि पंजाब की पहचान है कि यहां बेटियों को सम्मान दिया जाता है और इतिहास में भी जंगों के समय किसी ने बेटियों-बहनों के साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार नहीं किया। उन्होंने बताया कि जब बच्ची लापता हुई, तो परिवार ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने आरोपी के घर की ठीक तरह से तलाशी नहीं ली और बिना जांच के लौट गए। बाद में सख़्ती बढ़ने पर बच्ची का शव आरोपी के घर से ही बरामद किया गया।

उन्होंने मांग की कि जांच में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों को निलंबित किया जाना चाहिए, क्योंकि इस मामले में देरी नहीं होनी चाहिए थी।

जत्थेदार गड़गज्ज ने कहा कि आरोपी समाज का एक दरिंदा है और कानून के अनुसार उसे फांसी की सज़ा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे अपराधी किसी भी राज्य या धर्म से हों, ऐसे दरिंदों को कड़ी सज़ा मिलने से ही समाज में ऐसे अपराध रुकेंगे। उन्होंने परिवार को न्याय की लड़ाई में हर संभव साथ देने का भरोसा दिया और सिख समुदाय से अपील की कि समाज में ऐसे अपराधियों पर विशेष नज़र रखी जाए।

# 13 वर्षीय लड़की हत्याकांड: जालंधर मामले में एसआई बर्खास्त, मां को सरकारी नौकरी

## जालंधर की 13 साल की बच्ची की हत्या मामले में पुलिस की बड़ी लापरवाही उजागर

समर न्यूज़ | जालंधर

22 नवंबर को जालंधर के वेस्ट हलके में एक 13 साल की लड़की के गुमशुदा होने की सूचना मिली थी। परिवार ने थाना बस्ती बावा खेल में शिकायत दर्ज करवाई थी। मौके पर पहुंचने वाले एसआई मंगत राम ने जांच के दौरान गंभीर लापरवाही बरती, जिसकी वजह से बच्ची की जान चली गई। घटनाक्रम के सामने आने पर पुलिस विभाग और पंजाब सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए एसआई मंगतराम को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। इसके अलावा दो पीसीआर मुलाजिमों को भी निलंबित कर दिया गया है।

एसआई मंगतराम की लापरवाही - घटना के दिन एसआई मंगत राम सबसे पहले मौके पर पहुंचे और करीब 20 मिनट तक बच्ची के घर के अंदर जांच की। इसके बाद उन्होंने परिवार को जानकारी दी कि घर के अंदर कहीं बच्ची नहीं है। हालांकि, जांच के दौरान उन्होंने बाथरूम की तलाशी नहीं ली, जहां बाद में बच्ची की मृतदेह मिली। परिवार और स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस ने आरोपी के घर के गेट को कुंडी लगाकर परिवार को बाहर निकाल दिया और आरोपी के साथ पुलिस वाले चाय पीते रहे।बच्ची की गुमशुदगी के पीछे का पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी फुटेज में दिखाया गया कि बच्ची पहले अपनी सहेली के घर पहुंची थी, लेकिन फिर बाहर नहीं निकली। पड़ोसियों के शोरगुल और पूछताछ के बाद पुलिस को सूचित किया गया। परिवार के मुताबिक, बच्ची घर में लगभग 4 बजे पहुंची थी और आधे घंटे के भीतर पुलिस पहुंची। परन्तु 6 बजे जब लोगों ने घर में जबरन घुसकर तलाशी ली तो बाथरूम में बच्ची का शव मिला। पुलिस की इस


एसआई मंगतराम - समर न्यूज़

लापरवाही के कारण समय रहते बच्ची की जान बचाई नहीं जा सकी।पुलिस कार्रवाई के दबाव में बर्खास्तगी और सस्पेंशनपुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर ने कहा कि एसआई मंगत राम ने मामले में गंभीर लापरवाही की है, जिसके कारण उन्हें नौकरी से बर्खास्त किया गया। इसके साथ ही दो अन्य PCR मुलाजिमों को भी सस्पेंड किया गया है। इस फैसले को प्रशासन और परिवार की मांग के अनुरूप लिया गया है।सरकार का दावाः पीड़ित परिवार के लिए नौकरी की घोषणापंजाब के कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने बच्ची की मां को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। उन्होंने प्रभावित परिवार के आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। वैश्विक स्तर पर पुलिस व्यवस्था के प्रति विश्वास बहाल करने के लिए यह कदम एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। सामाजिक और धर्मिक नेताओं की प्रतिक्रियाअकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर कहा कि आरोपी को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री और डीजीपी से केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की अपील की। ज्ञानी गड़गज ने कहा कि अपराधियों को धर्म के नाम पर बचाना गलत है और ऐसी सजा होनी चाहिए कि भविष्य में किसी के दिमाग में ऐसे कृत्य करने की हिम्मत न आए।महिला और बाल अधिकार आयोग का हस्तक्षेपमहिला और बाल अधिकार आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल तथा चाइल्ड कमीशन के चेयरमैन ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मामले की गंभीरता को स्वीकार किया। उन्होंने परिवार को कार्रवाई का भरोसा दिया और पुलिस कमिश्नर से मामले में कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन भी लिया।स्थानीय लोगों और राजनीतिक नेताओं का प्रदर्शनस्थानीय निवासियों एवं भाजपा समेत अन्य राजनीतिक नेताओं ने भी पुलिस की लापरवाही और आरोपी पुलिस कर्मियों के संरक्षण के आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि दोषी पुलिस कर्मियों को बचाने का प्रयास किया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए तैयार हैं। इस गंभीर मामले ने पंजाब पुलिस की कार्यप्रणाली और संवेदनशीलता पर सवाल उठा दिए हैं, जिन्हें प्रशासन ने तत्काल सुधारने एवं न्याय सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं।

# पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं के लिए उद्यमिता पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी पूरी

## 5.60 लाख से अधिक छात्र पढ़ेंगे उद्यमिता, युवाओं को स्व-रोजगार की ओर ले जाने का प्रयास

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगारदाता बनाने के उद्देश्य से बड़ा कदम उठाया है। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा के लिए एंटरप्रेन्योरशिप का नया पाठ्यक्रम तैयार कर दिया है, जो अकादमिक वर्ष 2026-27 से लागू होगा। यह पहल राज्य के 5.60 लाख से अधिक विद्यार्थियों को उद्यमिता की पढ़ाई बिना किसी रूकावट के शुरू करने में सक्षम बनाएगी। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि यह कोर्स छात्रों को न केवल उद्यमिता के बुनियादी सिद्धांतों से परिचित कराएगा, बल्कि उन्हें स्टार्टअप की चुनौतियों, कानूनी प्रक्रिया, वित्तीय योजना, बजट प्रबंधन सहित व्यावहारिक कौशल


शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस - समर न्यूज़

प्रदान करेगा। इससे वे अपने विचारों को व्यापार में बदलने और स्व-रोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने में सक्षम होंगे।उन्होंने 11वीं कक्षा में वर्ष 2022-23 में शुरू हुए बिजनेस ब्लास्टर प्रोग्राम की भी सफलता का जिक्र किया। इसमें 3,692 वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में उद्यमिता को अनिवार्य विषय बनाया गया और 10,382 शिक्षकों तथा 231 मास्टर ट्रेनरों को 104 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत इस विषय को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस मॉडल के आधार पर 12वीं के लिए पाठ्यक्रम तैयार कर लिया गया है।यह परियोजना पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार की उस प्रतिबद्धता को पूरा करती है जिसमें सरकारी और मान्यता प्राप्त स्कूलों में विद्यार्थियों को स्टार्टअप, स्व-रोजगार, और उद्यमिता से जुड़ी सोच और व्यावहारिक कौशल प्रदान करने पर जोर दिया गया है। इसके माध्यम से राज्य के युवाओं को नई दिशा और आर्थिक विकास में योगदान देने का अवसर मिलेगा।इस तरह के कदम पंजाब के शिक्षा तंत्र को क्लासरूम से बोर्डरूम तक ले जाने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं, जो युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के सपने के करीब ले जाएंगे।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के दौरे को लेकर कैबिनेट मंत्री सौंध ने की प्रेस कांफ्रेंस

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंध जालंधर के डिप्टी कमिश्नर के दफ्तर पहुंचे। जहां उन्होंने बताया कि उनकी केंद्रिय मंत्री शिवराज चौहान के साथ अहम मुद्दों को लेकर मीटिंग हुई। इस दौरान पंजाब के कई अहम मुद्दों को लेकर चर्चा की गई, जिसमें केंद्र और पंजाब सरकार की सांझी स्कीम को लेकर बात की गई। इस दौरान उन्होंने केंद्र के समक्ष पंजाब की मांगों के मुद्दों को उठाया और केंद्रिय मंत्री ने उन मांगो को जायज बताया और इसे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मट्रीरियल का 250 करोड़ रुपए केंद्र के पास पेंडिंग है, उसे जारी करने के लिए केंद्रिय मंत्री से बात की गई और उन्होंने इसे जल्द पंजाब सरकार को देने का आश्वासन दिया है। वहीं उन्होंने मनरेगा स्कीम का मुद्दा उठाया और कहा कि हरियाणा में मजूदर को 400 रुपए दिहाड़ी मिल रही है, लेकिन पंजाब में मनरेगा मजदूर को 346 रुपए दिहाड़ी मिल रही है। ऐसे में इस पक्षपात को दूर करने का केंद्रिय मंत्री से आग्रह किया गया। इस मांग को केंद्रिय मंत्री ने जायज माना और विचार विमर्श करके जल्द इस मुद्दे को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

इस दौरान पंचायती राज में मजदूरों से काम करवाने की सरकार को काफी समस्या आ रही है। मजदूरों को समय के अनुसार पैसे ना मिलने को लेकर कहा कि सेमी स्टेट को जो पेमेट आती है और उसे मट्रीरियल के साथ लिंक किया हुआ है। जिसके कारण उनकी पेमेंट पेंडिंग पड़ रही है। ऐसे में मट्रीरियल पेमेंट को जल्द पंजाब सरकार के खाते में पैसे ट्रांसफर करने के लिए केंद्रिय मंत्री के समक्ष मुद्दा उठाया गया और उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द पैसे ट्रांसफर किए जाएगे।

**पारदर्शी प्रक्रिया** | रिश्वत मुक्त, पारदर्शी प्रक्रिया के साथ अब घर बैठे भी हो सकेगी रजिस्ट्री; शिकायत के लिए भी मिलेगा आसान विकल्प

# पंजाब में 20 मिनट में होगी रजिस्ट्री, सीएम भगवंत मान ने लॉन्च किया ईजी-रजिस्ट्री सिस्टम

समर न्यूज़ | फतेहगढ़ साहिब

पंजाब सरकार ने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए ईजी-रजिस्ट्री सिस्टम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को फतेहगढ़ साहिब में इस नये सिस्टम का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अब लोगों को रजिस्ट्री कराने के लिए लंबा इंतजार या रिश्वत देने की जरूरत नहीं होगी।

यह प्रक्रिया सिर्फ 20 मिनट में पूरी हो जाएगी और जरूरत पड़ने पर कर्मचारी मशीन लेकर घर भी आ सकते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस अवसर पर कहा कि पहले तहसीलों में रिश्वत, कमीशन और एजेंटों का बोलबाला था। लोग तहसील जाकर डरते थे कि कहीं रिश्वत न मांग ली जाए या काम में बाधा न आए। अब इन सभी कठिनाइयों से निजात मिल गई है।

पहले तहसीलों में कदम-कदम पर रिश्वत, कमीशन और एजेंट बैठे थे, लेकिन अब सारी प्रक्रिया ई-रजिस्ट्री द्वारा पूरी पारदर्शी और आसान हो गई है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अब हर रजिस्ट्रेशन के काम के लिए एक टोकन सिस्टम लागू होगा जिससे निर्धारित समय पर काम पूरा हो जाएगा। किसी भी कर्मचारी से निर्धारित राशि से अधिक पैसे मांगने पर शिकायत की जा सकती है।घर बैठे भी कर सकते हैं रजिस्ट्रीमुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि रजिस्ट्री का आवेदन घर से भी ऑनलाइन किया जा सकता है, जिससे लोगों को तहसील न आना



सीएम भगवंत मान - समर न्यूज़

पड़े। इसके अलावा, यदि कोई घर पर रजिस्ट्री लिखवाना चाहता है तो सरकारी कर्मचारी मशीन लेकर उसके घर आ सकते हैं।

प्रयोग के बाद, यह सेवा मोहाली के बाद फतेहगढ़ साहिब में शुरू हो चुकी है और जल्द ही पूरे पंजाब में लागू की जाएगी।तहसील में पूरी सुविधा और डिजिटल पारदर्शितामान जी ने कहा कि तहसील में वेटिंग रूम, शौचालय, पीने का पानी सहित आरामदायक सिटिंग एरिया प्रदान किए जाएंगे। आपको एक टोकन नंबर मिलेगा, जो स्क्रीन पर दिखाई देगा, जिससे आप अपने नंबर और रजिस्ट्रेशन का वक्त पता कर सकेंगे। यह सिस्टम पारदर्शिता के साथ रिश्वतखोरी को खत्म करेगा। काम के लिए एक लिखित रसीद मिलेगी, जिसमें कोई कर्मचारी तय रकम से ज्यादा पैसा नहीं ले पाएगा।" उन्होंने जनता से आग्रह किया कि अगर कोई रिश्वत मांगता है तो तुरंत इसकी सूचना दें।ऑनलाइन प्रक्रिया और भुगतानईजी-रजिस्ट्री पोर्टल (http://www.easyregistry.punjab.gov.in) पर जाकर लोग ऑनलाइन स्लॉट बुक कर सकते हैं। इसके लिए खरीदार-विक्रेता की बेसिक जानकारी दर्ज करनी होती है। प्रॉपर्टी के कागजात जैसे खसरा नंबर, पता, और क्षेत्र आदि के पूरी जानकारी भी पोर्टल पर भरनी होगी। सभी जरूरी दस्तावेज जैसे आधार, पैन कार्ड, सेल डीड ड्राफ्ट, फोटो, बिजली बिल और एनओसी PDF फॉर्मेट में अपलोड किए जा सकते हैं। इसके बाद स्टांप ड्यूटी और फीस का भुगतान नेट बैंकिंग, यूपीआई या डेबिट कार्ड से ऑनलाइन किया जाता है, और ई-रसीद मिल जाती है। बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन से होगी पहचान स्लॉट पर निर्धारित दिन खरीदार, विक्रेता और गवाह कोर्ट ऑफिस पहुंचेंगे। यहां उनकी पहचान बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन (फिंगरप्रिंट और आधार OTP) से की जाएगी। सब-रजिस्ट्रार डाक्यूमेंट्स, फीस और प्रॉपर्टी विवरण की जांच के बाद डिजिटल तौर पर रजिस्ट्री मंजूर करेगा।

मंजूरी मिलने के बाद रजिस्ट्री की डिजिटल कॉपी पोर्टल से डाउनलोड की जा सकेगी और हार्ड कॉपी कार्यालय से मिल जाएगी। 1076 हेल्पलाइन सेवा भी चालू पंजाब के रेवेन्यू विभाग की हेल्पलाइन नंबर 1076 भी पूरी तरह से सुचारू कर दी गई है।

समर प्राइम 3
www.summerexpress.in
28 नवंबर 2025
समर एक्सप्रेस

# गांव के प्राइवेट अस्पतालों में नवजात मौतें ज्यादा

## डिलीवरी मामलों पर अमेरिकी रिपोर्ट का खुलासा, नवजात मृत्यु दर प्रति 1000 में से 51

**समर न्यूज़ | मोहाली**

अमेरिका के रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर कम्पैशनेट इकोनॉमिक्स के शोधकर्ता नाथन फ्रांज की नई स्टडी सामने आई है। इसमें खुलासा हुआ है कि भारत के उत्तर प्रदेश और बिहार के ग्रामीण इलाकों में प्राइवेट अस्पतालों में जन्म लेने वाले नवजात बच्चों की मौत का खतरा सरकारी अस्पतालों की तुलना में 60% अधिक है।

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-4 और नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के 77 हजार डिलीवरी केसेस का विश्लेषण किया गया। इसमें सामने आया कि प्राइवेट अस्पतालों में नवजात मृत्यु दर प्रति 1000 में से 51 है, जबकि सरकारी अस्पतालों में यह सिर्फ आंकड़ा प्रति 1000 पर 32 का है। प्राइवेट अस्पताल चुनने वाली माताएं अधिक संपन्न, शिक्षित और बेहतर पोषण वाली होती हैं। इसके बावजूद उनके बच्चों का जोखिम अधिक है। इसका मुख्य वजह है कि प्राइवेट अस्पताल ज्यादा कमाई के लालच में गैर जरूरी मेडिकल इंटरफेरेंस करते हैं।

**अस्पताल बदलने से ही 1.1 लाख नवजातों की जान बच सकती है**

ग्रामीण भारत में प्राइवेट अस्पतालों में डिलीवरी नवजातों के लिए खतरनाक है क्योंकि वे माताओं का स्वास्थ्य नहीं, बल्कि निजी अस्पतालों के ज्यादा सेवाएं ज्यादा कमाई मॉडल पर आधारित है। तमाम कमियों के बावजूद सार्वजनिक अस्पताल में डिलीवरी को अधिक प्राकृतिक और सुरक्षित रखा जाता है। न बच्चे को तुरंत अलग किया जाता है और न ही अनावश्यक दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगर प्राइवेट अस्पताल सरकारी अस्पतालों की तरह काम करने लगें, तो यूपी-बिहार में हर साल 37,000 से ज्यादा नवजातों की जान बच सकती है।

सिर्फ अस्पताल बदल देने से यूपी-बिहार में हर साल 1.1 लाख से ज्यादा नवजातों की जान बच सकती है। सबसे आसान सुधार यह है- प्राइवेट अस्पतालों में अनावश्यक हस्तक्षेप रोकें और कमाई मॉडल खत्म करें।

### बिहारः प्राइवेट डिलीवरी 8% बढ़ी मौत में प्रति एक हजार पर 11 का इजाफा

*किसी जिले के बॉर्डर के दोनों ओर बसे गांव, जो सामाजिक-आर्थिक तौर पर एक जैसे हैं, लेकिन प्रशासनिक दूरी की वजह से अलग-अलग अस्पतालों पर निर्भर हैं, वहां नवजात मौतों में बड़ा अंतर है। जहां प्राइवेट अस्पतालों तक पहुंच आसान होती है, वहां डिलीवरी का झुकाव 8% ज्यादा प्राइवेट सेंटर्स केंद्रों की ओर हो जाता है और इसके साथ नवजात मौतें 11 प्रति 1000 तक बढ़ जाती हैं। यह फर्क माताओं की स्वास्थ्य स्थिति से नहीं, बल्कि निजी अस्पतालों में होने वाली गलत प्रक्रियाओं से पैदा होता है। बिहार के निजी केंद्रों में बच्चे को जन्म के तुरंत बाद मां से अलग करने की दर यूपी से भी अधिक है।*

### यूपीः प्राइवेट डिलीवरी ज्यादा, नवजात मौतें भी अधिक

*यूपी के ग्रामीण जिलों जहां भी प्राइवेट अस्पताल का उपयोग बढ़ा, वहां नवजात मृत्यु दर भी समान रूप से बढ़ जाती है। किसी गांव में प्राइवेट अस्पताल में डिलीवरी का प्रतिशत सिर्फ 10% बढ़ जाए, तो नवजात मौतें 3 प्रति 1000 तक बढ़ जाती हैं। हैरानी यह भी है कि यहां के परिवार औरों से ज्यादा संपन्न और शिक्षित हैं। यूपी के प्राइवेट अस्पतालों में जन्म के तुरंत बाद मां-बच्चे को अलग करने की दर लगभग 35% है, जबकि सरकारी अस्पतालों में यह 25% है। यह 'अलगाव' ही वह पहला कदम है, जिससे अनावश्यक हस्तक्षेपों का सिलसिला शुरू होता है (गलत तरीके से वार्मर लगाना, अत्यधिक दवा, शुरुआती नहलाना) जो सीधे नवजात बच्चों की जान पर भारी पड़ता है।*

## मैं बोलूंगा तो...

### जैकेट में छुपा 'जुर्म का फैशन'



**समर न्यूज | चंडीगढ़**

*ऐसा जमाना आ गया है कि अब कपड़े खरीदते समय भी समझदार बनना पड़ता है। पहले लोग जैकेट की क्वालिटी, फिटिंग, ज़िप और ऊन देखते थे—अब पुलिस रिकॉर्ड भी देखना पड़ेगा। फैशन की दुनिया इतनी 'एडवेंचरस' हो गई है कि आप अनजाने में ही ऐसा आउटफिट उठा सकते हैं जो सीधे आपको वार्ड नंबर 6 के वीआईपी गेस्ट बना दे।*

*कोटपूतली पुलिस ने 35 जैकेट बरामद कीं—और यह कोई सर्दी भगाने वाला ऊनी कलेक्शन नहीं था। ये वो जैकेटें थीं जिन पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम छपा हुआ था, बिल्कुल वही लुक जिसकी फोटो कभी वायरल होती थी। दुबले-पतले लॉरेंस ने शायद खुद भी इतना प्रचार न किया होगा, जितना यह जैकेट करवाने को तैयार थी।*

*अब बेचारे ग्राहक की कल्पना कीजिए। वो सोच रहा है—"वाह, स्टाइलिश जैकेट!" और पुलिस सोचती है—"वाह, सीधा केस रजिस्टर!"*

*जैकेट बेचने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को पकड़ लिया—कृष्ण उर्फ गुड्डू शर्मा, संजय सैनी और सुरेशचंद शर्मा। ऐसा लगता है जैसे शर्मा समाज ने इस बार फैशन इंडस्ट्री में 'डार्क शेड' का टच देने का जिम्मा ले लिया हो। कार्रवाई भी शानदार थी—सिटी प्लाज़ा में सीधा ऑपरेशन 'विंटर वॉरंट' चला दिया गया। थानाधिकारी सुरेशकुमार शर्मा खुद इस मिशन के ब्रांड एम्बेसडर बने।*

*पुलिस का कहना है कि गैंगस्टरों का किसी भी रूप में महिमामंडन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिल्कुल ठीक। आखिर अब तो अपराधियों के भी 'फैन-मर्चेंडाइज' आ गए हैं। कल को किसी ने 'स्पेशल ऑप्स बिश्नोई एडिशन' का हुडी पहन लिया तो क्या पुलिस उसे सुरक्षा में रखेगी? मजेदार बात यह है कि इस देश में लोग भगवानों के पोस्टर कम और क्रिमिनल्स के प्रिंट ज्यादा पहनने लगे हैं। शायद यह वही "नई पीढ़ी का नवाचार फैशन" है, जिसमें अपराधी ब्रांड और जैकेट प्रमाण-पत्र। फिर लोग कहते हैं कानून-व्यवस्था क्यों गड़बड़ा रही है—भाई जब फैशन भी FIR-फ्रेंडली हो जाए, तो क्या ही उम्मीद करें?*

*पुलिस की सख्ती बिल्कुल ठीक है, क्योंकि महिमा मंडन का यह ट्रेंड अगर बढ़ा तो कल को बच्चे भी स्कूल में पूछेंगे—"साहब, आज कौन सा गैंग-थीम डे है?" और मार्केट में 'फायरिंग प्रिंट', 'एक्सटॉर्शन फिट' और 'किडनैपिंग कट' वाले डिजाइन आ जाएंगे।*

*इसलिए चेतावनी यही—जैकेट खरीदें, लेकिन टैग ध्यान से पढ़ें। कहीं साइज 'M' हो और मुसीबत 'XL'।*

# अगर हरमन सांसद, विधायक बन गई तो करवा लूंगा सिर कलमः एएसआई जगविंदर सिंह

## ▪ जगविंदर सिंह बोले, धर्म, इंसान और जात एक है सब कुछ इंसान ने बांटा हुआ है

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

***हमारा देश लोकतांत्रिक है। हर किसी को बोलने का अधिकार है। मैं हरमन को सैल्यूट करता हूं वो अपने हक के लिए बोली है। हरमन को लोगों ने सुपरस्टार से महास्टार बना दिया। महिला कांस्टेबल की वर्दी फट जाती तो हाथापाई हो जाती। इसके बाद पुलिस ने जो कार्रवाई करनी होती वह होती। लोगों ने फिर कोई कमेंट नहीं करना था। हरमन सांसद या विधायक बन गई तो मेरा सिर कलम कर देना। लोग कहते कुछ हैं करते कुछ हैं। ये कहना है पंजाब पुलिस के एएसआई जगविंदर सिंह का। उन्होंने समर न्यूज चैनल पर तपिन मल्होत्रा के साथ बातचीत की। पेश है इंटरव्यू की बातचीत के मुख्य अंश।***



जगविंदर सिंह ने बताया कि लोग कभी की किसी के मीत नहीं होते। लोगों ने उन्हें बहुत गालियां दी हैं। उन्होंने तो हरमन को बहन बेटी बोलकर कोई बात उसे समझाई है। खाली लोग जो कोई काम नहीं करते वह कमेंट करते रहते हैं। लोग पुलिस को गलत निगाह से देखते हैं। सरकार ने बहुत सख्ताई की हुई है। कोई भी पुलिस कर्मचारी गलत काम करता है तो वह सस्पेंड हो जाता है।

धरना लगाता है तो लोग परेशान होते हैं। गाड़ियां फंस जाती हैं इसके बाद लोग कहते हैं कि सरकार जिम्मेदार है। पुलिस ट्रैफिक के नियम सुधारने पर आती है तो लोगों को तकलीफ होती है। पुलिस चालान कर देती हैं तो लोग कहते हैं कि पुलिस ने चालान कर दिया। आनंदपुर साहिब ड्यूटी के दौरान उन्होंने देखा कि लोग गाड़ियां गलत साइड से लेकर आ रहे थे। लोग गुरु घर आ रहे हैं और बिना ट्रैफिक नियम के आ रहे हैं। लोगों को पुलिस इतनी गंदी लगती है कि उन्हें बोल दो कि पुलिस को मार दो तो लोग सारी पुलिस मार देंगे।

**इस इंटरव्यू को देखने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें।**

### ▪ धर्म, जात, पात में उलझ गया सिस्टम

*उन्होंने कहा कि जिसने उन्हें गाली देनी है दे लो मेरे परिवार को गाली निकालनी है निकाल लो जो उन्हें अच्छा लगता है वह करेंगे। वह इंसान के जन्म का पूरा फायदा लेना चाहते हैं। धर्म एक है, इंसान एक है, जात एक है सब कुछ लोगों ने बांटा हुआ है। परमात्मा ने कभी किसी को नहीं कहा तू हिंदू है तू सिख है। हमारा सिस्टम धर्म और जात में उलझ गया। गुरु ग्रंथ साहिब में कहीं नहीं लिखा कि लोगों को मारो। सभी मिलजुलकर रहो हमारा परमात्मा एक है। हम अपने धर्म की खुद बेअदबी कर रहे हैं। लोगों को अपने आप खुद को सुधारना होगा। हमें हर एक धर्म का सत्कार करना चाहिए। धर्म और जात को लेकर हिंदुस्तान बहुत पीछे जा रहा है।*

## उबर ड्राइवर पर महिला से बदसलूकी का आरोप

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल उठे हैं। मशहूर पर्यावरण एनजीओ 'चिंतन' की संस्थापक भारती चतुर्वेदी के साथ रविवार को उबर कैब ड्राइवर द्वारा की गई हरकत ने सभी को झकझोर दिया। भारती वसंत विहार से डॉक्टर के पास सरवोदया एनक्लेव जा रही थीं, लेकिन गलत पिन लोकेशन के चलते ड्राइवर से आगे बढ़ने को कहा। पहले मानने के बाद वह अचानक चिल्लाने लगा और गाड़ी तेज कर दी। रोकने की मांग पर ड्राइवर ने गाड़ी मालवीय नगर की तरफ मोड़ दी। खतरा महसूस करते हुए भारती ने कार का दरवाजा खोला, लेकिन ड्राइवर ने पीछे मुड़कर उनका हाथ मरोड़ दिया। इस दौरान उन्होंने 100 नंबर पर कॉल किया, पर कोई जवाब नहीं मिला। सड़क पर गुजरती पुलिस गाड़ी भी मदद किए बिना आगे बढ़ गई। घटना सोशल मीडिया पर साझा करने के बाद उबर ने ड्राइवर की ऐप एक्सेस हटा दी और इसे कम्युनिटी दिशानिर्देशों का गंभीर उल्लंघन बताया।

## Good DAY

**समर न्यूज | लुधियाना**



*आप सभी को हार्दिक शुभ प्रभात और एक सुखद दिवस की शुभकामनाएँ। आज का दिन आपके लिए नई संभावनाएँ, सकारात्मक ऊर्जा और सफलता के अवसर लेकर आए। हर कदम पर आत्मविश्वास बनाए रखें और मुस्कान के साथ आगे बढ़ते रहें। किसी की मदद करने का छोटा सा प्रयास भी आपके दिन को और खूबसूरत बना सकता है। अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रखें और परिवार, समाज तथा अपने कार्यस्थल में सौहार्द और सम्मान का भाव बनाए रखें। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि आपका दिन मंगलमय हो, स्वस्थ रहें और हर कार्य में सफलता प्राप्त करें।*

***राजेश जैन बॉबी***
***मेंबर माइनॉरिटी कमीशन***
***पंजाब***

# सरकारी स्कूल का डीपी मास्टर नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ मामले में गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | करतारपुर**

करतारपुर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले पिंड कराड़ी के सरकारी स्कूल में एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर स्कूल के डी.पी. मास्टर रजिंदर कुमार निवासी ब्यास पिंड थाना आदमपुर, जालंधर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी शिक्षक ने छात्रा को स्कूल की ब्यूटी लैब में टेबल का दराज बंद करने के बहाने बुलाया। जैसे ही छात्रा अंदर गई, आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जब बच्ची ने विरोध किया तो उसे धमकियां भी दी गईं। डर के कारण छात्रा ने यह बात अपने परिवार को बताई, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस में शिकायत दी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर मोनिका अरोड़ा ने करतारपुर थाने में POC-SO एक्ट तथा अन्य संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसका रिमांड लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और पीड़ित छात्रा की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष का माहौल है और स्कूल प्रशासन पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

# महिला हत्या के मामले में सीधे होगी उम्रकैद की सजा

**एजेंसी | इटली**

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और कठोर कानून पेश किया है।



पीएम जॉर्जिया मेलोनी

इटली की संसद ने इस महत्वपूर्ण विधेयक को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी, जिसके तहत महिला हत्या (फेमिसाइड) को अब आजीवन कारावास की सजा योग्य अपराध की श्रेणी में शामिल कर दिया गया है।

महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए पेश किए गए इस विधेयक का उद्देश्य ऐसी वारदातों पर सख्त नियंत्रण और पीड़ितों एवं परिवारों को न्याय दिलाना है। विधेयक के अनुसार दंड संहिता में एक नया अनुच्छेद जोड़ा गया है, जो "पीड़ित की विशेषताओं" के आधार पर हत्या को एक अलग गंभीर श्रेणी में रखता है। इसके तहत किसी महिला या लड़की की जानबूझकर की गई हत्या को लाइफ इम्प्रिज़न्मेंट की सजा दी जाएगी। इससे पूर्व इटली में गंभीर दंड केवल उन्हीं मामलों में लागू होता था, जहां आरोपी पति या रिश्तेदार होता था। इस विधेयक को इटली की सीनेट पहले ही जुलाई में मंजूरी दे चुकी थी। मंगलवार को सदन में हुए मतदान में 237 वोट समर्थन में पड़े और एक भी विरोध में नहीं, जिसे प्रधानमंत्री मेलोनी ने "हर महिला की स्वतंत्रता और सम्मान की सुरक्षा" के लिए एक मजबूत कदम बताया।

# 93% से अधिक छात्र नौकरी से पहले इंटर्नशिप में इंट्रस्टेड

## भारत में तेजी से बदल रहा इंटर्नशिप कल्चर

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

भारत में इंटर्नशिप संस्कृति में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिल रहा है। अब देश के युवा केवल डिग्री पर निर्भर रहने के बजाय स्किल्स और वास्तविक इंडस्ट्री अनुभव को अधिक महत्व दे रहे हैं। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार 93.22% से अधिक छात्र अपनी पहली फुल-टाइम नौकरी से पहले इंटर्नशिप करना चाहते हैं। रिपोर्ट बताती है कि आज की पीढ़ी कार्यस्थल के लिए खुद को तैयार करने को लेकर पहले से कहीं अधिक जागरूक है। बीते दो दशकों में बड़ा बदलाव आया है—अब छात्र सही कौशल विकसित करने और इंडस्ट्री की वास्तविक समझ हासिल करने पर समान रूप से ध्यान दे रहे हैं। इंटर्नशिप की मांग वाले राज्यों में तमिलनाडु सबसे आगे है। इसके बाद उत्तर प्रदेश, केरल और कर्नाटक का स्थान है। इन राज्यों में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और टेक्निकल शिक्षा के बड़े केंद्र मौजूद हैं, जहां ट्रेनिंग और प्रैक्टिकल नॉलेज को विशेष महत्व दिया जाता है। रिपोर्ट यह भी संकेत देती है कि कंपनियां अब इंटर्नशिप को एंट्री लेवल भर्ती का बेहतरीन साधन मान रही हैं। 'Internship-to-Hire' मॉडल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, जिसमें कंपनियां इंटर्नशिप के दौरान ही प्रतिभाशाली उम्मीदवारों की पहचान कर उन्हें स्थायी भूमिकाओं के लिए तैयार करती हैं। रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश शुरुआती सैलरी 30,000 से 40,000 के बीच है। हालांकि आज युवा केवल सैलरी को प्राथमिकता नहीं देते, बल्कि स्किल-बिल्डिंग, मेंटरशिप, वर्क कल्चर को भी उतना ही महत्व देते हैं। अब इंटर्नशिप सिर्फ रिज़्यूमे का हिस्सा नहीं, बल्कि करियर की दिशा तय करने वाली अहम सीढ़ी बन चुकी है।

**करियर को मजबूत बनाने का मौका**

विशेषज्ञों का मानना है कि पढ़ाई पूरी होने के बाद सीधे नौकरी तलाशने की बजाय पहले भरोसेमंद प्लेटफॉर्म के माध्यम से इंटर्नशिप करके वास्तविक अनुभव हासिल करना बेहतर करियर निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

## अब 'फार्मा सही दाम' ऐप बताएगा असली कीमत, शिकायत भी होगी आसान

# आप भी दवाओं के अधिक दाम दे रहे हैं, इस ऐप से जानिए कीमत और करें शिकायत

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश में बीमारियों और दवाइयों पर बढ़ती निर्भरता के चलते लोगों को मेडिकल स्टोर्स और अस्पतालों पर दवाइयाँ खरीदने के लिए बार-बार जाना पड़ता है। अक्सर बिल देखने पर लोग हैरान रह जाते हैं, क्योंकि कई बार दुकानदार या अस्पताल स्टॉक की कमी, ब्रांड वैल्यू या कमीशन का हवाला देकर तय सीमा से अधिक कीमत वसूल लेते हैं।

कई रिपोर्टों में सामने आया है कि आयुष्मान भारत जैसी सरकारी योजनाओं में भी दवाओं की कीमतें पूरी तरह पारदर्शी नहीं हैं, जिससे मरीजों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (NPPA) के अनुसार कई शेड्यूल्ड दवाओं की सीलिंग प्राइस का सही पालन न होने से उपभोक्ताओं को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

खासकर डायबिटीज और इंफेक्शन की दवाएँ जिनकी कीमतें हाल ही में तय की गई थीं—अब भी कई जगह 10–20% अधिक दाम पर बेची जा रही हैं।

*लोगों तक सही जानकारी पहुंचाने और ओवरप्राइसिंग पर लगाम लगाने के लिए NPPA ने 'फार्मा सही दाम' नाम का एक सरल ऐप लॉन्च किया है।*

### 'फार्मा सही दाम' ऐपः दवा का असली दाम जानने का आसान तरीका

*नवंबर 2025 में जारी इसका अपडेटेड वर्जन एंड्रॉयड और iOS दोनों पर मुफ्त उपलब्ध है। यह ऐप ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर (DPCO) 2013 के तहत तय की गई सीलिंग प्राइस और दवा की MRP दोनों दिखाता है। यानी अब आप घर बैठे पता लगा सकते हैं कि जिस दवा पर आप पैसा खर्च कर रहे हैं, उसकी अधिकतम कीमत क्या होनी चाहिए। ऐप यह भी दिखाता है कि कौन-सी ब्रांडेड दवा कितने की है, उसकी जेनेरिक दवा कितनी सस्ती है*

**▪ एक ही कंपोज़िशन वाली दवाओं में कितना मूल्य अंतर है**

*GST में कटौती के बाद सरकार ने दवा कंपनियों को MRP घटाने के निर्देश दिए थे यह ऐप उसी पारदर्शिता को ज़मीन पर लागू करने में मदद करता है।*

**▪ ऐप कैसे काम करता है?**

*ऐप खोलते ही आपको एक सर्च बार मिलेगा। यहां आप किसी भी दवा का नाम डालें, और तुरंत : MRP, सीलिंग प्राइस, कंपोज़िशन की तुलना, सब जानकारी दिख जाएगी। अगर आपको लगता है कि दवा तय सीमा से ज्यादा कीमत पर बेची जा रही है, तो बिल या दवा की फोटो अपलोड करें, शिकायत तुरंत दर्ज करें, NPPA की टीम मामले की जांच करती है और जरूरी कार्रवाई करती है।*

***▪ सरकार की नई पहलों से बढ़ रही पारदर्शिता***

*अक्टूबर 2025 से CGHS में रीयल-टाइम ड्रग ट्रैकिंग सिस्टम लागू हुआ है, जिससे सप्लाई चेन में पारदर्शिता बढ़ी है। इससे दवा की कमी और अनियमितता की शिकायतें कम होंगी। छोटी जगहों पर जहां जागरूकता कम है, यह ऐप उपभोक्ताओं के लिए बड़ा सहारा बन सकता है।*

# एसएमओ भर्ती पर विवाद, सुबह 9 बजे से 11 बजे तक हरियाणा में दो घंटे ओपीडी सेवाएं हुई बाधित

## 30 नवंबर की सभी स्वास्थ्य सेवाएं ओपीडी, इमरजेंसी सेवाएं बंद करने का लिया फैसला

**समर न्यूज | चंडीगढ़**



ओपीडी में खाली पड़ी डॉक्टर की सीट - समर न्यूज

हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में गुरुवार सुबह दो घंटे के लिए ओपीडी सेवाएं प्रभावित रहीं। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन से जुड़े डॉक्टरों ने सुबह 9 बजे से 11 बजे तक कलमबंद हड़ताल की। इससे मरीजों को परेशानी हुई। अस्पताल परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि 30 नवबंर को बैठक में बड़ा निर्णय लेंगे। हालात बिगड़ते देख अस्पताल प्रशासन ने गेट पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी। एसोसिएशन राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती नीति का विरोध कर रही है। हड़ताल के दौरान ओपीडी में किसी भी तरह का इलाज नहीं होगा, लेकिन ऑपरेशन थिएटर, प्रसूति और सभी आपातकालीन सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहेंगी। एसोसिएशन का कहना है कि एसएमओ के पदों पर डायरेक्ट भर्ती से वरिष्ठता और प्रमोशन के अवसर प्रभावित होंगे। वहीं, संशोधित एसीपी फाइल अब भी वित्त विभाग में लंबित पड़ी है, जिस पर डॉक्टरों ने नाराजगी जताई है।

एचसीएमएस के अध्यक्ष डॉ. राजेश ख्यालिया ने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते कोई ठोस निर्णय नहीं लिया तो 30 नवंबर को प्रस्तावित बैठक में राज्यभर की सभी स्वास्थ्य सेवाएं ओपीडी, इमरजेंसी और पोस्टमार्टम पूरी तरह बंद करने का फैसला लिया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि पैरामेडिकल स्टाफ भी इस आंदोलन में शामिल होने को तैयार है। डॉक्टरों की हड़ताल के बीच राज्य सरकार ने मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने सभी सिविल सर्जन और पीएमओ को निर्देश दिए थे कि ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं बाधित नहीं होनी चाहिए। जरूरत पड़ने पर कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल ऑफिसर और सभी कंसल्टेंट की ड्यूटी लगाई गई।

**मरीजों को हुई परेशानी**

हड़ताल के कारण जिला भर में सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए आए मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उचाना के रघबीर सिंह ने कहा कि हमें बहुत परेशानी हुई। हमें हड़ताल की कोई जानकारी नहीं थी। झिंझारी के ओमप्रकाश ने बताया कि हम सुबह से लाइन में खड़े रहे। अगर पता होता तो आते ही नहीं। डॉक्टरों को हड़ताल नहीं करनी चाहिए।

# टांगरी नदी को गहरा करने का कार्य फिर शुरू, तीन महीनों में पूरा होगा प्रोजेक्टः अनिल विज

## टांगरी नदी पर 8 फुट गहरा और 11 फीट ऊंचा तटबंध बनेगा

**समर न्यूज | अंबाला**



मंत्री अनिल विज -समर न्यूज

बीते महीने आई विनाशकारी बाढ़ के बाद हालात अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हुए हैं। इसी तबाही को दोबारा रोकने और स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ाते हुए हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने टांगरी नदी को गहरा करने (डीसिल्टिंग) का काम दोबारा शुरू करवा दिया है। मंत्री विज ने जानकारी दी कि इस परियोजना को लगभग तीन महीने में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है।

मीडिया से बातचीत के दौरान विज ने बताया कि टांगरी नदी की डीसिल्टिंग का कार्य पहले भी शुरू हुआ था, लेकिन कुछ तकनीकी और प्रशासनिक रुकावटों के चलते यह बीच में रोकना पड़ा। अब सभी अनुमतियां मिलने के बाद काम पूरी गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। अंबाला के चंदपुरा पुल के पास चल रहे कार्य का निरीक्षण करते हुए विज ने कहा कि टांगरी नदी के तल को करीब 8 फुट गहरा किया जाएगा। साथ ही 11 फुट ऊंचा तटबंध भी बनाया जाएगा, जिससे भविष्य में निचले इलाकों में पानी घुसने का खतरा काफी हद तक समाप्त हो जाएगा। उन्होंने मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तेज़ी से काम आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

**तीन एजेंसियों को सौंपी गई जिम्मेदारी**

नदी तल से मिट्टी निकालने का कार्य तीन अलग-अलग एजेंसियों को सौंपा गया है। पहली एजेंसी रामगढ़ माजरा से जगाधरी रोड टांगरी पुल तक काम करेगी। दूसरी एजेंसी जगाधरी रोड से शाहपुर के बीच का हिस्सा संभालेगी। तीसरी एजेंसी का कार्यक्षेत्र शाहपुर से दुराना गांव तक रहेगा। विज ने बताया कि पहली एजेंसी ने अपना काम शुरू कर दिया है, जबकि बाकी दोनों एजेंसियां सैंपलिंग प्रक्रिया पूरी होते ही काम शुरू कर देंगी। मंत्री विज ने कहा कि नदी तल की गहराई बढ़ने और तटबंध निर्माण से भविष्य में टांगरी नदी के उफान से होने वाली तबाही को रोका जा सकेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रोजेक्ट अंबाला जिले को बार-बार आने वाली बाढ़ की समस्या से बड़ी राहत देगा।

# सीएम सैनी ने शीश मार्ग यात्रा चंडीगढ़ पहुंचने पर पालकी साहिब को किया नमन

## सीआरपीएफ यूनिट ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब को गार्ड ऑफ ऑनर देकर दिया सम्मान



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पालकी साहिब पर मत्था टेकते हुए - समर न्यूज

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान वर्ष को समर्पित शीश मार्ग यात्रा चंडीगढ़ स्थित सीआरपीएफ कैंपस पहुंची, जहां यात्रा का अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया गया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पवित्र पालकी साहिब के दर्शन कर नमन किया। इस अवसर पर सीआरपीएफ यूनिट द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब पर पुष्प वर्षा की गई और गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान प्रकट किया गया।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का अद्वितीय बलिदान संपूर्ण मानवजाति के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए दिया गया यह सर्वोच्च त्याग पूरे विश्व को साहस, कर्तव्य और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ऐसे आध्यात्मिक और सामाजिक आयोजनों के समर्थन में सदैव तत्पर है।

यह यात्रा 24 नवंबर को शीश गंज गुरुद्वारा, नई दिल्ली से प्रारंभ हुई थी और बुधवार को श्री आनंदपुर साहिब में पवित्र समापन के साथ श्रद्धापूर्वक अर्पित की गई। बाबा मंजीत सिंह जीरकपुर वाले के नेतृत्व में निकाली जा रही यह 15वीं शीश मार्ग यात्रा राज्य के कई क्षेत्रों बड़खालसा, तरावड़ी, करनाल, पानीपत, अंबाला आदि में पहुंची, जहां संगत ने यात्रा का भव्य स्वागत किया।

यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर कीर्तन, अरदास, लंगर सेवा और फूल वर्षा से आध्यात्मिक वातावरण संपूर्ण मार्ग में गुंजायमान रहा। चंडीगढ़ आगमन के समय भी संगत द्वारा पवित्र शब्द, कीर्तन और अरदास के साथ वातावरण गुरु प्रेम, बलिदान और आध्यात्मिक शांति से सराबोर हो गया।

# करनाल में कर्ण लेक किनारे विस्फोटक बरामद, दोनों ग्रेनेड पुलिस ने किए डिफ्यूज, जांच जारी



बम मिलने वाले स्थान की जांच करती हुई पुलिस - समर न्यूज

**समर न्यूज | करनाल**

हरियाणा के करनाल में गुरुवार सुबह कर्ण लेक के पास संदिग्ध विस्फोटक मिलने से हड़कंप मच गया। NH-44 के निकट स्थित इस लोकप्रिय पर्यटन स्थल के पास पुलिस को दो ग्रेनेड बरामद हुए। सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने मोर्चा संभाला। टीम ने दोनों ग्रेनेड को डिफ्यूज कर दिया। सुबह लगभग साढ़े 11 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल मिली कि कर्ण लेक क्षेत्र में विस्फोटक जैसी वस्तु पड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तुरंत पूरे इलाके को खाली करवाकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी। कर्ण लेक पर सामान्य दिनों की तरह भीड़ रहती है, इसलिए पुलिस ने एहतियात के तौर पर सार्वजनिक आवाजाही पूरी तरह रोक दी। जांच के दौरान दो ग्रेनेड मिलने की पुष्टि हुई। बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और अत्यंत सतर्कता के साथ एक ग्रेनेड को निष्क्रिय किया। दूसरे को सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज करने की प्रक्रिया जारी है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया है।

सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही पुलिस अब यह जांच में जुटी है कि विस्फोटक सामग्री यहां कैसे पहुंची और इसके पीछे कौन हो सकता है। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से सुराग तलाशे जा रहे हैं।

# हरियाणा में बढ़ी ठंड, नारनौल-सिरसा में तापमान 6 डिग्री पहुंचा

**समर न्यूज | हिसार**

प्रदेश में शीतलहर का असर तेजी से बढ़ रहा है और रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। नारनौल और सिरसा प्रदेश के सबसे ठंडे क्षेत्र रहे। राजस्थान सीमा से सटे नारनौल में न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस, जबकि सिरसा में तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर और उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलते मौसम और ठंडा होने की संभावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अनुमान जताया है कि आगामी दिनों में रात का तापमान और नीचे जा सकता है। मंगलवार को प्रदेश के कई जिलों में तापमान में 2 डिग्री तक की गिरावट देखी गई। हिसार में न्यूनतम तापमान घटकर 6.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं भिवानी और करनाल में भी रात का तापमान लगभग 7 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। अधिकतम तापमान भी गिरावट के साथ 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में ठंड का प्रभाव और अधिक तीव्र होगा तथा कई जिलों में शीतलहर के हालात भी बन सकते हैं।



धुंध की तस्वीर - समर न्यूज

# वोट चोरी मुद्दे को लेकर युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

## भाजपा के इशारों पर चुनाव आयोग काम कर रहाः योगेश कुमार




वोट चोरी के मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी - समर न्यूज

**सुन्दर कुंडू | पलवल**
**समर न्यूज**

हरियाणा विधानसभा चुनाव में हुई वोट चोरी को लेकर युवा कांग्रेस में उबाल बढ़ रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत उजागर करने के समर्थन में वीरवार को भी युवा कांग्रेसियों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और हसनपुर चौक पर चुनाव आयोग का पुतला दहन किया है। आरोप लगाए कि भाजपा के साथ मिलकर चुनाव आयोग देश के लोकतंत्र की हत्या करने में शामिल है। इस मौके पर पहुंचे हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश पोसवाल ने कहा कि चुनाव आयोग अपने संवैधानिक दायित्वों का पालन करने की बजाय भाजपा के एजेंट के रूप में कार्य कर रहा है। चुनाव आयोग का गठन देश के प्रत्येक नागरिक की मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी, आसान व निष्पक्ष बनाने के लिए हुआ था, लेकिन आज चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी को निभाने की बजाय भाजपा का सहारा बनकर रह गया है।

योगेश कुमार जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस ने कहा कि चुनाव आयोग को जनता के मतदान अधिकार की रक्षा करनी थी, लेकिन भाजपा के इशारों पर आयोग काम कर रहा है। भाजपा के पक्ष में वोट बढ़ाने और विपक्षी मतदाताओं के वोट काटने का काम किया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में वोट चोरी के कारण भाजपा की सरकार बनी है। भाजपा संविधान व लोकतंत्र को कुचलने में लगी हुई है, जिसे किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। इस मौके पर राहुल कुमार, वीरू कटारिया, जीतेन्द्र, पुष्पेंद्र, रोहित, सतेंदर, ऋतिक, सागर, आशीष, गौरव,कृष्ण, नीरज, संदीप, मन्नू, कुलदीप, संतु आदि युवा साथी मौजूद रहे।

# पीएचडी चैंबर ने राज्यपाल को दिया पाइटैक्स का निमंत्रण

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के राज्यपाल असीम घोष से मुलाकात कर उन्हें पंजाब इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो के 19वें संस्करण में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण सौंपा। यह मेगा ट्रेड एक्सपो 4 से 8 दिसंबर 2025 तक अमृतसर के रंजीत एवेन्यू में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में पंजाब चैप्टर के चेयर करण गिल्होत्रा सहित पीएचडीसीसीआई की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक सुश्री भारती सूद, रेजिडेंट निदेशक गुरदर्शन अग्रवाल शामिल थे। प्रतिनिधियों ने राज्यपाल को पाइटैक्स की बढ़ती प्रतिष्ठा, इसमें भाग लेने वाले अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक प्रतिनिधियों, निवेशकों और संभावित व्यावसायिक अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राज्यपाल असीम घोष ने पाइटैक्स 2025 में भाग लेने और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से संवाद करने की अपनी सकारात्मक इच्छा व्यक्त की।

सिरसा महिला थाना पर ग्रेनेड अटैक मामला

# गैंगस्टर शहबाज भट्टी ने वीडियो जारी कर ली जिम्मेदारी

## ग्रेनेड धमाके के बाद सिरसा में हड़कंप, तीन घंटे चला सर्च ऑपरेशन



फोटो, सिरसा थाने की तस्वीर - समर न्यूज

**समर न्यूज | सिरसा**

पाकिस्तान के कुख्यात गैंगस्टर शहबाज भट्टी ने सिरसा स्थित महिला थाना पर हुए ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है। भट्टी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि यह हमला उसने करवाया है। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर महिला थाने के सामने कोई वस्तु फेंकता है, जिसके तुरंत बाद विस्फोट होता है। इसके बाद दूसरा युवक बाइक स्टार्ट करते हुए स्थानीय भाषा में कहता सुनाई देता है चल-चल भाई, चालो।

दूसरी वायरल वीडियो में शहबाज भट्टी यह कहते हुए दिखाई देता है कि सत श्री अकाल, सलाम वालेकुम। सिरसा तहसील रानियां स्टेशन पर हुए ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी मैं लेता हूं।

यह थाना लॉरेंस बिश्नोई का समर्थन करता था और उसे बिजनेस से जुड़े नंबर उपलब्ध करवाता था इसी कारण इसे निशाना बनाया गया।

तीन घंटे तक चला तलाशी अभियान वीडियो सामने आने के बाद सिरसा एसपी दीपक सहारण और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंची। दोपहर 12 बजे महिला थाने के मुख्य गेट के बाहर झाड़ियों के पास से टीमों ने महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। लगभग तीन घंटे तक चलाए गए सर्च ऑपरेशन में कई सबूतों को सील बंद किया गया।

सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने देर शाम खारियां गांव से चार युवकों विकास, विकास, धीरज और संदीप को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

वहीं, इस मामले में सिरसा एसपी और आईजी हिसार से संपर्क किया गया तथा संदेश भेजे गए, लेकिन उनकी ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

ट्रैकडाउन

150 से अधिक उपहारों को आकर्षक तरीके से सजाया गया

# गीता महोत्सव में पहली बार होगी मुख्यमंत्री को मिले उपहारों की नीलामी

**समर न्यूज | कुरुक्षेत्र**



सीएम नायब सिंह सैनी -समर न्यूज

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में इस वर्ष पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी को अब तक मिले उपहारों को जनता के लिए प्रदर्शित करने और उनकी नीलामी खरीद की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। शिल्प मेले में इसके लिए एक विशेष स्टॉल तैयार किया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री बनने के बाद से अब तक प्राप्त 150 से अधिक उपहारों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है।

पिछले वर्ष भी गीता महोत्सव में मुख्यमंत्री को मिले उपहारों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसमें करीब 20 हजार रुपये तक मूल्य वाले उपहारों को प्रमुखता से रखा गया था। इन उपहारों की खरीद में आम पर्यटकों से लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं तक ने खास रुचि दिखाई थी। उसी उत्साह को देखते हुए इस वर्ष प्रदर्शनी को और बड़ा किया गया है। जानकारी के अनुसार, प्रदर्शनी में शामिल उपहारों में भगवान श्रीकृष्ण की कलाकृतियां, हस्तशिल्प वस्तुएं, पारंपरिक हथकरघा उत्पाद, स्मृति चिह्न और धार्मिक प्रतीक, विभिन्न राज्यों के शिल्पकारों द्वारा तैयार विशेष कलात्मक उपहार शामिल हैं। इन उपहारों को देखने और खरीदने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है। महोत्सव आयोजन समिति का मानना है कि इससे न केवल महोत्सव की भव्यता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय कलाकारों और शिल्पकारों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

**स्थानीय कारीगरों को मिलेगा बड़ा मंच**

शिल्प मेले में लगे इस विशेष स्टॉल का उद्देश्य मुख्यमंत्री को मिले उपहारों को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना ही नहीं, बल्कि हरियाणा की कला, संस्कृति और शिल्प को बढ़ावा देना भी है। प्रदर्शनी में से कुछ उपहारों की बिक्री से प्राप्त राशि को सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यों में उपयोग करने पर भी विचार किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में हर दिन बढ़ती भीड़ के बीच यह प्रदर्शनी इस वर्ष का मुख्य आकर्षण बनने जा रही है।

# स्कूल लेट पहुंचने पर बच्चे को शिक्षकों ने पीटा

## अभिभावक और स्कूल प्रबंधन आमने-सामने, दोनों पक्षों ने दर्ज करवाई शिकायत

**समर न्यूज | इंद्री**

शहर के एक निजी स्कूल में पांचवीं कक्षा के छात्र के साथ कथित रूप से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। छात्र के पिता ने आरोप लगाया है कि बच्चे के स्कूल लेट पहुंचने पर स्कूल प्रबंधक और प्रिंसिपल ने उसे शारीरिक दंड दिया, जिससे बच्चा सहम गया। पिता के अनुसार, बच्चे की तबीयत ठीक न होने के कारण वह देरी से स्कूल पहुंचा था।

अभिभावक ने यह भी दावा किया कि जब वह शिकायत करने स्कूल पहुंचे, तो प्रबंधन की ओर से उनके साथ भी दुर्व्यवहार और मारपीट की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि बच्चे के साथ हुई अनुचित हरकत का विरोध करना स्कूल प्रबंधन को नागवार गुजरा, जिसके बाद उन पर हमला किया गया। दूसरी ओर, स्कूल प्रबंधक और प्रिंसिपल ने अभिभावक पर ही हंगामा करने और स्टाफ से हाथापाई करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बच्चा देर से आने पर उसे केवल अनुशासन संबंधी समझाइश दी गई थी, लेकिन अभिभावक गुस्से में स्कूल पहुंचे और स्टाफ के साथ बदसलूकी की। दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और मामला थाने तक पहुंच गया। स्कूल प्रबंधन और अभिभावक दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट और दुर्व्यवहार की लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

**पुलिस ने शुरू की जांच**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दोनों पक्षों की शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज, मौके पर मौजूद स्टाफ और अन्य छात्रों के बयान के आधार पर तथ्य स्पष्ट किए जाएंगे। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि गलती किसकी थी और मारपीट के आरोप किस हद तक सही हैं। स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर चर्चा बनी हुई है और अभिभावक स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जता रहे हैं।

# 22 साल से फरार डकैती गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**समर न्यूज | करनाल**

सुभाष कॉलोनी में हुई दिनदहाड़े डकैती के मुख्य आरोपी और गिरोह का सरगना राजीव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजीव उर्फ राजा उर्फ लक्की, जो 22 साल से अलग-अलग नामों से अपराध कर रहा था, 16 जिलों में दर्ज मामलों के चलते फरार था। पुलिस जांच के अनुसार, राजीव ने पुलिस को चकमा देने के लिए घरौंडा और चंडीगढ़ के बस स्टैंड का चालाकी से इस्तेमाल किया। आरोपी की हरकतें सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गईं। पुलिस की सतर्कता और अंबाला-पंचकुला सीआईए टीम की मदद से उसे जीरकपुर से हरियाणा रोडवेज बस से पकड़ा गया।

# शीतकालीन सत्र में हंगामा, भाजपा विधायकों का विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन

## विधायक क्षेत्र विकास निधि जारी न होने का मुद्दा आज पूरे सत्र पर रहा हावी

**राहुल | धर्मशाला**
**समर न्यूज़**

धर्मशाला में चल रहे हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन पूरी तरह से सियासी गर्माहट में डूबा रहा। विधायक क्षेत्र विकास निधि जारी न होने का मुद्दा आज पूरे सत्र पर हावी रहा और विपक्ष ने इसको लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सुबह सत्र शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने अपोज़िशन लॉज से बाहर निकलकर विधानसभा परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए भाजपा विधायक लगातार नारेबाजी करते रहे और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। भाजपा विधायकों का कहना था कि सरकार जानबूझकर ट्रेजरी पर रोक लगाकर विकास कार्यों को ठप कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में करोड़ों रुपये का प्रावधान होने के बावजूद फंड जारी नहीं किए जा रहे, जिससे क्षेत्रीय विकास पूरी तरह बाधित हो गया है। उनका कहना था कि यह निर्णय राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित है और जनता को इसका खामियाज़ा भुगतना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस मुद्दे पर सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि विधायक जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि हैं, और जब बजट पहले ही पास हो चुका है, तो अफसरों द्वारा "ट्रेजरी खाली है" कहकर फंड रोकना लोकतंत्र का मज़ाक है। उन्होंने कहा कि अफसर स्पष्ट शब्दों में बता रहे हैं कि 10 हजार रुपये से अधिक की राशि जारी नहीं की जा सकती, जबकि विकास कार्यों के लिए लाखों-कई बार करोड़ों-रुपयों की आवश्यकता होती है। जयराम ठाकुर ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का मुद्दा भी उठाया और कहा कि कई इलाकों में सड़कें ध्वस्त हैं, पुल बह चुके हैं और लोगों का जनजीवन प्रभावित है, लेकिन सरकार की ओर से वित्तीय सहायता नहीं पहुंचाई जा रही। उन्होंने कहा कि जनता विधायक निधि के माध्यम से समस्याओं के समाधान की उम्मीद करती है, लेकिन फंड रोकने से जनता की परेशानियाँ और बढ़ गई हैं। उन्होंने सरकार पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि जब बजट में पैसा है तो वह आखिर जा कहां रहा है? उनके अनुसार, टोकन जारी करने में कमीशनखोरी और ठेकेदारों के भुगतान रोककर लाभ उठाने का खेल चल रहा है। "यह भ्रष्टाचार का नया मॉडल है," उन्होंने आरोप लगाया। भाजपा विधायकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही विधायक निधि जारी नहीं की गई तो आने वाले दिनों में विरोध और तेज होगा।



विधानसभा में शीतकालीन सत्र में हंगामा। - समर न्यूज़

# आदेशों की अवहेलना पर शराब ठेका व ढाबा सील

## डीसी और एसपी ने संभाली कमान, गोलीकांड के बाद ऊना में रातभर चेकिंग मुहिम

**राहुल| धर्मशाला**
**समर न्यूज़**


वाहन की तलाशी करती पुलिस। - समर न्यूज़

ऊना,राकेश
ऊना में हाल ही में हुए गोलीकांड मामले के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से डीसी जतिन लाल और एसपी अमित यादव द्वारा लगातार सख्त आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से साफ कहा गया है कि आदेशों की अवहेलना पर किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी।

पिछले दिनों माइनिंग गतिविधियों से जुड़ी अनियमितताओं पर कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने एक स्टोन क्रेशर के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। आदेशों की अनदेखी करने पर स्टोन क्रेशर की बिजली आपूर्ति काट दी गई है, साथ ही उसकी माइनिंग लीज भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी गई है। इतना ही नहीं, रात के समय टिप्परों के माध्यम से माइनिंग मैटेरियल ले जाने पर भी पुलिस ने दो दिनों में पांच एफआईआर दर्ज की हैं। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा नाइट पेट्रोलिंग को मजबूत करने के आदेश जारी किए गए थे, जिसका असर देर रात साफ देखने को मिला। डीसी जतिन लाल और एसपी अमित यादव स्वयं अपने दलबल के साथ रात को सड़कों पर उतरे। उनके साथ एसडीएम समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने हिमाचल-पंजाब बॉर्डर मेहतपुर समेत कई संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान प्रशासन ने आदेशों की अवहेलना करने पर एक शराब के ठेके और एक ढाबे के खिलाफ कार्रवाई भी की। वहीं बाहरी राज्यों से हिमाचल में प्रवेश करने वाली सभी गाड़ियों और बसों की सघन चेकिंग की गई। मेहतपुर बॉर्डर पर पुलिस ने नाका लगाकर हर वाहन की गहन तलाशी ली।

डीसी जतिन लाल ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन अनिवार्य है और उल्लंघन की स्थिति में कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि नाइट पेट्रोलिंग को और अधिक बढ़ाया गया है ताकि किसी भी संभावित घटना को रोका जा सके।एसपी अमित यादव ने भी दोहराया कि जिला पुलिस पूरी सतर्कता के साथ काम कर रही है और अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# हिमाचल युवा मोर्चा का दल यूनिटी मार्च पर रवाना, सुशील कदशोली कर रहे नेतृत्व


युवा शक्ति, विविधता और राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रतिनिधित्व कर रहे युवा। - समर न्यूज़

**संजू | शिमला**
**समर न्यूज़**

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 'एक भारत – आत्मनिर्भर भारतः यूनिटी मार्च' में हिमाचल प्रदेश से 21 युवा प्रतिनिधि चयनित किए गए हैं। विभिन्न जिलों से आए ये प्रतिभागी हिमाचल की युवा शक्ति, विविधता और राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। दल का नेतृत्व भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री सुशील कदशोली कर रहे हैं। यह 8 दिवसीय राष्ट्रीय यात्रा दिल्ली से शुरू होकर अलवर, कोटा, उदयपुर, गुजरात होते हुए एकता नगर स्थित विश्वप्रसिद्ध स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर संपन्न होगी। मंत्रालय द्वारा निर्धारित इस मार्ग के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को नज़दीक से समझने का अवसर मिलेगा। यात्रा की सबसे विशेष पहल लगभग 152 किलोमीटर की पैदल यात्रा है, जिसके दौरान प्रतिभागी जनसंपर्क, युवा संवाद और सांस्कृतिक परिचर्चाओं में शामिल होंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत', आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक विविधता के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाया जाएगा। राजस्थान और गुजरात के कई शहरों में स्थानीय युवाओं एवं सामाजिक संगठनों के साथ संयुक्त कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों से युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और सक्रिय युवाओं की भागीदारी इस अभियान को विशेष पहचान देती है। प्रतिभागियों ने प्रस्थान से पूर्व अपनी उत्साहपूर्ण भावनाएं साझा करते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, बल्कि युवाओं को एक साथ सीखने, समझने और राष्ट्रहित में योगदान देने का अवसर भी प्रदान करती है। प्रदेश महामंत्री सुशील कदशोली ने कहा कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक की यह यात्रा युवा शक्ति, समर्पण और विविधता में एकता के आदर्शों को सुदृढ़ करेगी। हिमाचल का युवा दल इस उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहा है कि देश की एकता और आत्मनिर्भरता का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे।

# मिड-डे-मील और रिकॉर्ड संधारण पर सख्त हुए एसडीएम

**समर न्यूज़ | शिमला**

उपमंडल अधिकारी सुन्नी, राजेश वर्मा ने आज जमोग क्षेत्र में स्थित प्राथमिक पाठशाला, माध्यमिक पाठशाला तथा आंगनवाड़ी केंद्र का अचानक निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था, स्वच्छता तथा रिकॉर्ड संधारण की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सबसे पहले विद्यालयों में संधारित किए जा रहे दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर, मिड-डे-मील रिकॉर्ड, शिक्षकों की तैनाती तथा अन्य प्रशासनिक दस्तावेजों का अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि कुछ विद्यालयों में रिकॉर्ड अद्यतन नहीं थे और संधारण में अनियमितताएं देखी गईं। स्वच्छता व्यवस्था का मूल्यांकन करते हुए उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्यालय परिसरों को नियमित रूप से साफ-सुथरा रखा जाए ताकि बच्चों को एक स्वस्थ वातावरण मिल सके।

**मिड-डे-मील में दिया जाए पौष्टिक भोजन** : मिड-डे-मील योजना की समीक्षा के दौरान एसडीएम ने भोजन की गुणवत्ता और मेन्यू के अनुपालन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों को हर हाल में निर्धारित मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।आंगनवाड़ी केंद्र जमोग के निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि केंद्र में बच्चों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम है। इस पर एसडीएम ने संबंधित कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे स्थानीय अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने पोषण, प्रारंभिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य संबंधित गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बच्चों से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं के बारे में जाना।

# शिमला में पाइप लाइन बिछाने के लिए 29 नवंबर से 16 जनवरी तक कई मार्ग बंद, नई ट्रैफिक व्यवस्था लागू

**समर न्यूज़ | शिमला**

शिमला जल प्रबंधन निगम द्वारा पाइप लाइन बिछाने के कार्य के कारण ढली क्षेत्र के कई लिंक मार्गों पर वाहन यातायात आगामी 29 नवंबर से लेकर 16 जनवरी तक निर्धारित समय अवधि में बंद रहेगा। इस संबंध में जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 115 और 117 के तहत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार, शिमला जल प्रबंधन निगम के इंजीनियर-सह-अतिरिक्त महाप्रबंधक (डब्ल्यूडी) द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए विभिन्न सड़कों को अस्थायी रूप से बंद करने का अनुरोध किया गया था, जिसके बाद प्रशासन ने नई ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया।

**निर्धारित अवधि में निम्न मार्ग समय-समय पर बंद रहेंगेः**
ढली टनल (वेस्ट पोर्टल) से भट्टाकुफर राष्ट्रीय राजमार्ग – 29 नवंबर से 15 दिसंबर 2025 तक
ढली टनल (वेस्ट पोर्टल) से सेमेट्री रोड – 15 दिसंबर से 29 दिसंबर 2025 तक, ढली टनल (सब्जी मंडी के पास) से ढिंगू माता मंदिर मार्ग – 29 दिसंबर 2025 से 16 जनवरी 2026 तक।



शिमला में कई मार्ग बंद - समर न्यूज़

इन मार्गों पर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक तथा शाम 6:30 से 7:30 बजे तक ट्रैफिक पूरी तरह बंद रहेगा। जिला दंडाधिकारी ने निर्देश दिए कि रोजाना कार्य समाप्त होने के बाद सड़कों को साफ किया जाए और खुदाई से बनी कीचड़ व मिट्टी को तुरंत हटाया जाए, ताकि आम लोगों को असुविधा न हो। ट्रैफिक को सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक मार्शल तैनात किए जाएंगे तथा कार्य स्थल पर सुरक्षा संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं को बिना किसी बाधा के मार्ग दिया जाएगा। किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय अधिकारियों को तुरंत सूचना देना अनिवार्य होगा। काम करने वाली एजेंसी को निर्देश दिए गए हैं कि पैदल चलने वालों, खासकर बुजुर्गों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष सावधानियां बरती जाएं।

# डीआईजी साइबर अपराध मोहित चावला को वर्ष का श्रेष्ठ सुरक्षा अधिकारी सम्मान

**समर न्यूज़ | हिमाचल**

हिमाचल प्रदेश पुलिस में उप महानिरीक्षक साइबर अपराध के पद पर कार्यरत मोहित चावला को देशभर के विशेषज्ञों की मौजूदगी में वर्ष का श्रेष्ठ सुरक्षा अधिकारी सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में विभिन्न राज्यों से आए वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। मोहित चावला को यह सम्मान साइबर अपराध नियंत्रण, डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने, और जाँच प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया। उनके नेतृत्व में साइबर अपराध से निपटने के कई नवाचार स्थापित हुए, जिनके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। कार्यक्रम का आयोजन एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्था द्वारा किया गया, जो सूचना सुरक्षा और डिजिटल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत है।


उप महानिरीक्षक मोहित चावला - समर न्यूज़

# लोकल टीपर ऑपरेटर्स को काम न मिलने से भड़का विवाद, यूनियन ने गाबर कंपनी का काम रोका

**सुभाष | बिलासपूर**
**समर न्यूज़**

नौणी–शिमला फोरलेन परियोजना में स्थानीय टीपर ऑपरेटर्स को प्राथमिकता देने के वादे पर अमल न होने से बिलासपुर टीपर ऑपरेटर्स यूनियन और गाबर कंपनी के बीच विवाद तेज हो गया है। सोमवार को यूनियन ने कंपनी का कार्य पूरी तरह ठप कर दिया और उनकी गाड़ियों को साइट पर ही खड़ा करवा दिया। यूनियन के चेयरमैन सतदेव शर्मा और प्रधान चंदन चंदेल ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू होने से पहले कंपनी ने जिला प्रशासन और यूनियन दोनों को विश्वास दिलाया था कि सभी परिवहन कार्य में स्थानीय गाड़ियों को ही महत्व दिया जाएगा। यूनियन पदाधिकारियों का आरोप है कि अब कंपनी अपने वादे से पीछे हट गई है और बाहरी राज्यों की गाड़ियों को तवज्जो दे रही है। इससे स्थानीय ऑपरेटर्स को रोजगार से वंचित होना पड़ रहा है। यूनियन ने कड़े शब्दों में कहा कि स्थानीय लोगों की रोज़ी–रोटी से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चेयरमैन सतदेव शर्मा ने बताया कि यूनियन ने कई बार कंपनी प्रबंधन से बात करने की कोशिश की, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले, कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मजबूर होकर यूनियन ने कंपनी के काम को रोकने का निर्णय लिया है। प्रधान चंदन चंदेल, जो इस दौरान लाल जैकेट में मौके पर मौजूद थे, ने कहा कि यदि कंपनी ने जल्द स्थानीय गाड़ियों को काम पर नहीं लगाया, तो आंदोलन को और बड़ा किया जाएगा। यूनियन का कहना है कि फोरलेन निर्माण क्षेत्र में बाहरी गाड़ियों को काम नहीं दिया जाएगा।


चेयरमैन सतदेव शर्मा - समर न्यूज़

# संजौली में हिंदू संघर्ष समिति का शस्त्र पूजन, प्रशासनिक बैठक से पहले तीखे बयान

**संजू | शिमला**
**समर न्यूज़**

शिमला के संजौली क्षेत्र में हिंदू संघर्ष समिति ने गुरुवार को अपने चल रहे अनशन के दसवें दिन शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। समिति ने इसे 'सनातन जागरण' का प्रतीकात्मक कार्यक्रम बताया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन की आगामी 29 नवंबर की बैठक से सकारात्मक समाधान की उम्मीद जताई, लेकिन साथ ही कड़े तेवर भी दिखाए।

समिति के नेता विजय शर्मा ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य प्रशासन का ध्यान उन मुद्दों की ओर ले जाना है, जिन्हें समिति लंबे समय से उठाती आ रही है। शर्मा ने आरोप लगाया कि प्रशासन और सरकार कुछ गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहे, जिसके चलते असंतोष बढ़ा है। उन्होंने कहा कि समिति शुक्रवार को संजौली मस्जिद में होने वाली नमाज़ पर आपत्ति रखती है और प्रशासन से स्थिति संभालने की मांग करती है। साथ ही उन्होंने मुस्लिम समुदाय से शांति बनाए रखने की अपील भी की।

दूसरी ओर, समिति के एक अन्य नेता मदन ठाकुर ने भी प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि 29 नवंबर की बैठक में यदि संतोषजनक समाधान नहीं निकलता है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ठाकुर ने यह भी दावा किया कि समुदाय विशेष से जुड़े कुछ मामलों में प्रशासन अपेक्षित कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने लोगों से आत्म-सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की, लेकिन साथ ही स्पष्ट किया कि समिति कानून के दायरे में समाधान चाहती है।दोनों नेताओं ने कहा कि उनकी मांग अदालत द्वारा दिए गए निर्देशों को लागू कराने से जुड़ी है और वे किसी भी तरह की टकराव की स्थिति नहीं चाहते।

**मुद्दा** | विपक्ष के डर और घबराहट को छिपाने के लिए यह मुद्दा जानबूझकर उछाला गया

# ओपीएस विवाद : मेरी बात को जानबूझकर तोड़ा-मरोड़ा गया : जयराम ठाकुर

**राहुल| धर्मशाला**
**समर न्यूज़**

विधानसभा सत्र के दौरान ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर उठे विवाद पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने एक बार फिर अपना पक्ष दृढ़ता से रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उनके बयान को जानबूझकर तोड़ा-मरोड़ा और गलत तरीके से प्रचारित किया, ताकि कर्मचारियों के बीच भ्रम फैलाया जा सके। उनका कहना है कि विपक्ष के डर और घबराहट को छिपाने के लिए यह मुद्दा जानबूझकर उछाला गया।

जयराम ठाकुर ने स्पष्ट किया कि सदन में दिए गए अपने वक्तव्य में उन्होंने कहीं भी ओल्ड पेंशन स्कीम यानी ओपीएस का नाम तक नहीं लिया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर कांग्रेस सरकार के निर्णयों की समीक्षा करने की बात कही थी, लेकिन इसका अर्थ यह लगाना कि भाजपा ओपीएस को बंद कर देगी, एक सोची समझी राजनीतिक चाल है। उनके अनुसार समीक्षा करना किसी योजना को समाप्त करने का संकेत नहीं होता, यह पूरी तरह प्रशासनिक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राजनीतिक लाभ के लिए उनकी बात को ट्विस्ट कर कर्मचारियों को गुमराह करने की कोशिश की।



जय राम ठाकुर - समर न्यूज़

जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा बदले की राजनीति करने वाली पार्टी नहीं है और कर्मचारियों के हितों को लेकर भाजपा की नीयत पर सवाल उठाना कांग्रेस की हताशा को दर्शाता है। उन्होंने दोहराया कि वह न तो ओपीएस के खिलाफ हैं और न ही उन्होंने सदन में इस योजना को लेकर कोई नकारात्मक टिप्पणी की है। उनका कहना है कि भाजपा कर्मचारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और भविष्य में भी कर्मचारियों का विश्वास कमजोर नहीं पड़ने दिया जाएगा।

प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति को लेकर यह भी साफ दिख रहा है कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के पास अब लगभग सिर्फ दो साल ही बचे हैं, ऐसे में सत्ता पक्ष भी विपक्ष की बातों को तोड़-मरोड़कर अपने पक्ष में पेश करने की कोशिश में लगा है।

यही कारण है कि सोशल मीडिया पर बिना किसी तथ्यात्मक आधार के जयराम ठाकुर के बयान को सीधे कर्मचारियों के साथ जोड़कर प्रचारित किया गया, जबकि उन्होंने सदन में ओपीएस का नाम तक नहीं लिया था। कांग्रेस की तरफ से किया गया यह भ्रामक प्रचार सिर्फ राजनीतिक बचाव का तरीका है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों की भावनाओं को भड़काना है।

# कांग्रेस में नए नेतृत्व की

## शिमला जिला अध्यक्ष के लिए संजना जाटव करेंगी कार्यकर्ताओं से संवाद

**संजू | शिमला**
**समर न्यूज़**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद अब हिमाचल प्रदेश में संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को गति देते हुए शिमला जिला की पर्यवेक्षक और सांसद संजना जाटव सोमवार को शिमला पहुंचीं। उनके आगमन के साथ ही जिला स्तर पर संगठन को नए स्वरूप देने की औपचारिक शुरुआत हो गई है।

संजना जाटव आगामी सात दिनों तक शिमला जिले में रहकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं, पूर्व पदाधिकारियों और हर स्तर के प्रतिनिधियों से विस्तृत बातचीत करेंगी। उनका उद्देश्य जिला अध्यक्ष के चयन के लिए एक सर्वसम्मत पैनल तैयार करना है, जिसे बाद में कांग्रेस हाईकमान को भेजा जाएगा।


संजना जाटव - समर न्यूज़

कार्यक्रम की शुरुआत के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विज़न के अनुरूप पूरे देश में संगठन को मजबूत बनाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। कई राज्यों में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि शेष में कार्य प्रगति पर है। हिमाचल प्रदेश में भी संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि शिमला जिले में संगठन सृजन अभियान की औपचारिक शुरुआत आज से हो गई है। उनके अनुसार, नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए वे उन सभी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगी जिन्होंने लंबे समय से पार्टी के लिए सक्रिय योगदान दिया है। जाटव ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस एक संगठनात्मक रूप से मजबूत ढांचे को तैयार करना चाहती है, इसलिए निर्णय प्रक्रिया में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की राय ली जाएगी।

संजना जाटव ने यह भी संकेत दिया कि जिला अध्यक्ष पद के लिए आवेदन करने वाले नेताओं की दावेदारी पर विचार करते समय जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की राय निर्णायक भूमिका निभाएगी। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि संगठन में विश्वास और सक्रियता भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व इस दिशा में एक ऐसे अध्यक्ष का चयन चाहता है, जो सभी वर्गों को साथ लेकर जिलास्तर पर पार्टी को सशक्त बना सके और आगामी राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो।

# कुटलैहड़ में दविंदर कुमार भुट्टो के तीखे प्रहार


भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो - समर न्यूज़

**राकेश | ऊना**
**समर न्यूज़**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने बंगाणा में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार और कुटलैहड़ के वर्तमान विधायक पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वे अयोग्य नहीं, बल्कि कुटलैहड़ के विधायक एक्सीडेंटल हैं, जिनके कार्यकाल में क्षेत्र विकास के बजाय अव्यवस्था और भ्रष्टाचार बढ़ा है। भुट्टो ने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग भ्रष्टाचार के गढ़ बन चुके हैं, जहां टेंडरों की प्रक्रिया पारदर्शिता से दूर है। उनका दावा है कि टेंडर कोई और भरता है, लेकिन बाद में लाखों की वसूली की जाती है।

# मोहाली कॉरपोरेशन दफ्तर के सामने किसकी शह पर लगती है अवैध दुकानें

## रोजाना करते है पार्किंग पर कब्जा, सुप्रिटेंडेंट बोले-कार्रवाई जारी, दोबारा दुकान लगाई तो फिर होगी सख्ती

**हरजीत मठारू | मोहाली**
**समर न्यूज़**

मोहाली के हरेक फेज और सेक्टर में रोजाना सूरज छुपते ही गैरकानूनी दुकाने लगनी शुरू हो जाती हैं जैसे कि 3बी2, फेज 7,फेज 5, फेज 9,सेक्टर 67,68 में पिछले लंबे समय से लगती आ रही है।

मोहाली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन दफ्तर के सामने सेक्टर 67 जहां शाम होते ही बड़ी संख्या में गैरकानूनी दुकाने जो की पार्किंग में लगाई जाती हैं जिसके कारण मार्केट में आने जाने वाले लोगों को अपनी गाड़ी पार्किंग में खड़ी करने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ता है सोचने की बात तो यह है कि कॉरपोरेशन दफ्तर के सामने क्या कब्जा करना इतना आसान है।



पार्किंग में लगी गैरकानूनी दुकानें। - समर न्यूज़

**गैरकानूनी दुकानो का पार्किंग में कब्जा**

समर एक्सप्रेस की टीम की ओर से शाम सूरज ढलते ही सेक्टर 67 की मार्केट का निरीक्षण किया गया जहां पर सरेआम पार्किंग में जहां कि लोगों द्वारा गाड़ियां पारक की जाती हैं वहीं पर गैरकानूनी दुकाने जो कि बड़ी संख्या में लगी होती है। मार्केट में आए सत्येंद्र सिंह, गुरनाम सिंह ओर बलदेव सिंह ने बताया कि जब भी वह मार्केट आते हैं तो उनको इस पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के लिए जगह नहीं मिलती जिसके कारण रोड के ऊपर गाड़ी खड़ी करनी पड़ती है जहां पर कई बार उनका नो पार्किंग का चालान भी हो चुका है उन्होंने बताया कि यह जो गैरकानूनी दुकानें लगती हैं जिनके कारण पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने की जगह नहीं बचती।

**कॉरपोरेशन दफ्तर के सामने ही कब्जा**

देखने में यह भी आया कि चाहे मोहाली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की ओर से शहर के अलग-अलग सेक्टर में जाकर गैरकानूनी रेडी फ़ड़ी वालों के ऊपर कार्रवाई की जाती है और उनका सामान जबत कर दिया जाता है जिक्रयोग तो यह है कि मोहाली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के दफ्तर के सामने ही पार्किंग में गैरकानूनी दुकाने पिछले लंबे समय से लगती आ रही है क्या म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की नजर उन पर नहीं पड़ी या फिर कुश ओर बात है।

**क्या बोले सुपरीटेंडेंट**

इस संबंधी जब समर एक्सप्रेस की टीम के द्वारा म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के सुपरीटेंडेंट मनदीप सिंह से बात की गई तो उन्हों बताया कि उनकी ओर से मोहाली में जहां-जहां गैरकानूनी दुकाने लगी हुई है उन पर कार्रवाई की जा रही है और इस मार्केट की पार्किंग में जो रेडी फड़ी वालों ने कब्जे किए हुए थे उन पर भी कार्रवाई की गई हैं अगर दोबारा वह दुकान लगाएंगे तो दोबारा कार्रवाई होगी किसी को भी बच्चा नहीं जाएगा।

# एम.सी. मोहाली ने गैर-कानूनी कब्ज़े हटाने के लिए बड़ी ड्राइव शुरू की

## लोगों से अपील-खुद कब्ज़े हटाएं, नहीं तो प्रशासन करेगा कार्रवाई

**परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा एक मानहानि मामले में दिए गए फैसले और स्पष्ट निर्देशों के बाद, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन मोहाली ने शहर में गैर-कानूनी कब्ज़ों को हटाने के लिए आज एक बड़ी कार्यवाही शुरू की। यह जानकारी नगर निगम कमिश्नर परमिंदर पाल सिंह ने दी, जिन्होंने बताया कि यह अभियान अदालत के आदेशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। कमिश्नर ने बताया कि म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन मोहाली, गमाड़ा तथा मोहाली पुलिस इस ड्राइव को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से चलाने के लिए आपसी तालमेल के साथ काम कर रहे हैं। आज दोपहर फेज़-4, मोहाली से शुरू की गई कार्रवाई



अवैध निर्माण को हटाते हुए एमसी के कर्मचारी। - समर न्यूज़

के दौरान टीमों ने सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और पैदल रास्तों में बाधा बन रहे विभिन्न गैर-कानूनी कब्ज़ों, रैंप, अस्थायी ढांचों और अन्य अवैध निर्माणों को हटाया। कमिश्नर ने दोहराया कि निवासियों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों से लगातार अपील की जा रही है कि वे स्वयं अपने गैर-कानूनी कब्ज़े हटाएँ। ऐसा न करने की स्थिति में हाई कोर्ट के आदेशों के अनुसार प्रशासन तुरंत कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में जिला प्रशासन, गमाड़ा और मोहाली पुलिस के सहयोग से जिले भर में चरणबद्ध तरीके से इसी तरह की ड्राइव जारी रहेगी, ताकि सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्ज़ा पूरी तरह समाप्त किया जा सके। इस अभियान का उद्देश्य ट्रैफिक को सुगम बनाना, पैदल यात्रियों के मार्ग को मुक्त करना तथा शहरी नियोजन के मानकों के अनुरूप शहर की व्यवस्था को बनाए रखना है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे मोहाली को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और कब्ज़ा-मुक्त रखने में सहयोग दें।

# अवैध माइनिंग पर बड़ी कार्रवाई, विधायक रंधावा ने चार टिप्पर पकड़े; एसएचओ को मौके पर लगाई फटकार

## हल्के में अवैध खनन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं - विधायक

**खुशविंदर धालीवाल | मुबारकपुर, ज़ीरकपुर**
**समर न्यूज़**

मुबारकपुर अंडर-काजवे इलाके में अवैध माइनिंग के खिलाफ शुक्रवार रात विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने सख्त कार्रवाई करते हुए रेत-बजरी से भरे चार भारी टिप्परों को पकड़ा। जैसे ही टिप्परों को रोका गया, मौके पर हड़कंप मच गया। विधायक ने तुरंत डेराबस्सी के एसएचओ सुमित मौर को घटनास्थल पर बुलाया और पुलिस की ढिलाई पर कड़ी फटकार लगाई।

सूत्रों के अनुसार, विधायक रंधावा को कई दिनों से शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि रात के समय मुबारकपुर अंडर-काजवे मार्ग से अवैध माइनिंग माफिया निर्भीक होकर टिप्परों की आवाजाही कर रहे हैं। इस अवैध गतिविधि से आम जनता की सुरक्षा, सड़क व्यवस्था और पर्यावरण को गंभीर खतरा पैदा हो रहा था, जबकि पुलिस की ढीली कार्रवाई से लोग नाराज़ थे। इसी स्थिति को देखते हुए विधायक ने स्वयं मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की और चार टिप्परों को पकड़ा। मौके पर विधायक रंधावा ने एसएचओ को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि हल्के में इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियाँ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध माइनिंग में शामिल किसी भी वाहन या व्यक्ति को बख्शा न जाए, रात में विशेष नाकेबंदी लगाई जाए, सक्रिय माइनिंग गिरोह के सरगनाओं तक पहुंचकर सख्त कार्रवाई की।



कुलजीत सिंह रंधावा और एसएचओ सुमित मोर। - समर न्यूज़

विधायक रंधावा ने कहा कि अवैध माइनिंग न सिर्फ सरकारी राजस्व की भारी चोरी है, बल्कि यह सड़कों को नुकसान पहुंचाने, पर्यावरण को तबाह करने और आम नागरिकों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाला गंभीर अपराध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि पुलिस ने ढिलाई दिखाई तो वे संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग करेंगे। पुलिस ने चारों टिप्परों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। विधायक की इस कार्रवाई से अवैध माइनिंग माफिया में खौफ का माहौल है, जबकि स्थानीय लोगों ने रंधावा के इस कदम का स्वागत किया है। विधायक ने कहा कि यदि अवैध खनन बंद नहीं हुआ तो अब विधानसभा स्तर पर भी कड़ी कार्रवाई होगी।


# जानवरों के गले में रिफलेक्टर लगाने की सेवा 2 दिसंबर से शुरू

**खुशविंदर धालीवाल | जीरकपुर**
**समर न्यूज़**

सेवक सभा जीरकपुर, जो पिछले चार वर्षों से समाज सेवा के विभिन्न कार्य-जैसे हर साल पौधारोपण, शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की पहल, सड़कों की दशा सुधारने में प्रशासन का सहयोग तथा अवैध कब्जों को हटाने के प्रयास-करती आ रही है, अब एक नई सामाजिक सेवा शुरू करने जा रही है।

सभा 2 दिसंबर से सड़कों पर घूम रही गायों, आवारा पशुओं और अन्य जानवरों के गलों में रिफलेक्टर लगाने का अभियान शुरू करेगी। ये जानवर अक्सर सड़क हादसों का कारण बन जाते हैं, खासकर रात के समय और सर्दियों में बढ़ती धुंध के दौरान।

इस पहल के बारे में जानकारी देते हुए सभा के प्रधान संदीप परूथी ने बताया कि सड़कों पर बैठे या घूमते जानवर समय पर दिखाई नहीं देते, जिसके कारण गंभीर दुर्घटनाएँ हो



जाती हैं और कई कीमती जानें चली जाती हैं। इसी समस्या के समाधान के लिए यह रिफलेक्टर सेवा शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह अभियान प्रसिद्ध गौ-सेवक जैवीर मित्तल के सहयोग से शुरू हो रहा है। सभा प्रधान परूथी ने कहा कि प्रयास रहेगा कि क्षेत्र में कोई भी जानवर ऐसा न रहे जिसके गले में रिफलेक्टर न लगा हो। उन्होंने इसे एक मेहनत भरा लेकिन अत्यंत आवश्यक सामाजिक कार्य बताया और लोगों से अपील की कि वे इस सेवा में बढ़-चढ़कर सहयोग करें, ताकि मिलकर न सिर्फ जानवरों बल्कि अनेक मनुष्यों की जान भी बचाई जा सके।

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने लगाया जनता दरबार

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**

हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं पंचकूला विधायक ज्ञान चंद गुप्ता ने आज अपने आवास पर जन समस्याओं के समाधान हेतु जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान लगभग 50–60 से अधिक लोग अपनी विभिन्न समस्याएँ लेकर पहुंचे और उन्होंने अपनी शिकायतें गुप्ता के समक्ष रखीं।

जनता दरबार के दौरान गाँव सुखदरशनपुर के पूर्व सरपंच गुरनाम एवं परवीन ने यूरिया खाद वितरण में गड़बड़ी को लेकर गंभीर शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि कोऑपरेटिव सोसायटी मानक टबरा द्वारा खाद का वितरण परिचितों में कर दिया गया, जबकि गाँव खटौली और सुखदरशनपुर के अनेक किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल फोन कर सख्त जांच के निर्देश दिए।

इसी दौरान नगर निगम पंचकूला के विभिन्न सफाई मित्र भी गुप्ता से मिले।

लंबे समय से लंबित पड़े एरियर मिल जाने और वेतन वृद्धि किए जाने पर सफाई मित्रों—प्रधान जिम्मे सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र लोहट, कर्मचारी नेता रामफल पारखी, विनोद लोहट, संगठन मंत्री बलराज, कर्मचारी नेता किसन मचाल, जगबीर, पूनम, राजेश कुमार, घोला प्रधान सहित अन्य ने श्री गुप्ता का धन्यवाद किया।

इसके अलावा कई पंचकूला निवासी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याएँ लेकर पहुंचे, जिन पर गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। गुप्ता ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और जनता दरबार का उद्देश्य भी यही है कि लोगों की समस्याओं को सीधे सुनकर तुरंत कार्रवाई की जाए।

# मोहाली में डेवलपमेंट कामों पर मेयर सख्त, 1 हफ्ते में काम शुरू न होने पर कॉन्ट्रैक्टर होंगे ब्लैकलिस्ट

**परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

मोहाली नगर निगम में विकास कार्यों की धीमी रफ़्तार को लेकर बढ़ती शिकायतों के बीच मेयर ने कमिश्नर को पत्र लिखकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि फाइनेंस और कॉन्ट्रैक्ट कमेटी की मीटिंग में पास हुए और टेंडर प्रक्रिया के बाद विभिन्न फर्मों एवं कॉन्ट्रैक्टरों को अलॉट किए गए सभी विकास कार्य हर हाल में एक हफ़्ते के भीतर शुरू किए जाएं।

मेयर ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य शुरू नहीं होता, तो अगली हाउस मीटिंग में संबंधित फर्मों या कॉन्ट्रैक्टरों को ब्लैकलिस्ट करने का प्रस्ताव लाया जाएगा।

मेयर ने अपने पत्र में बताया है



मेयर अमरजीत सिंह सिद्धू- समर न्यूज़

कि शहरवासियों और पार्षदों की लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद कई जगहों पर ग्राउंड लेवल पर काम शुरू नहीं हुआ। इससे जनता में नाराज़गी बढ़ रही है तथा नगर निगम की कार्यशैली और प्रशासनिक संवेदनशीलता पर सवाल उठ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि गार्डन डेवलपमेंट और रेनोवेशन, पेवर ब्लॉक लगाना, कर्ब और चैनल की मरम्मत, सड़कों की सामान्य मरम्मत, योगा शेड निर्माण और धर्मशाला निर्माण जैसे कई आवश्यक कार्यों के वर्क ऑर्डर 20 मार्च 2025 को जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद कई स्थानों पर काम शुरू न होने को लेकर मेयर ने इस पूरे मामले को "अर्जेंट" कैटेगरी में डालते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

एडमिनिस्ट्रेटिव सूत्रों के अनुसार, मेयर का पत्र कार्रवाई के लिए चीफ इंजीनियर को भी भेजा गया है। अब सबकी निगाहें आने वाले 7 दिनों पर हैं - क्या कॉन्ट्रैक्टर काम शुरू करते हैं या नहीं। यदि देरी जारी रहती है, तो अगली हाउस मीटिंग में कड़ी कार्रवाई होने की पूरी संभावना है।

# शैल्बी हॉस्पिटल मोहाली में शुरू हुई रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

शैल्बी हॉस्पिटल मोहाली ने अत्याधुनिक रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सिस्टम की शुरुआत की है, जिससे उत्तर भारत के मरीजों को अब अधिक सटीक, उन्नत और कम दर्द वाली जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी उपलब्ध हो सकेगी। इस तकनीक से पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ ट्राइसिटी के मरीजों को बड़ा फायदा मिलेगा। यह एआई-आधारित रोबोटिक सिस्टम मरीज-विशेष घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण की सुविधा देता है, जिसकी सटीकता मिलीमीटर के छोटे से हिस्सों तक होती है। इससे इम्प्लांट की एलाइनमेंट बेहतर होती है, सर्जरी का नुकसान न्यूनतम होता है, जटिलताओं की आशंका कम रहती है और मरीज तेजी से रिकवर होते हैं। यह तकनीक विशेष रूप से



जटिल विकृतियों, गंभीर गठिया और अत्यधिक व्यक्तिगत उपचार की आवश्यकता वाले मरीजों के लिए बेहद लाभदायक है। कार्यक्रम में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सरदार बलबीर सिंह सिद्धू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हॉस्पिटल की ऑर्थोपेडिक टीम, जिसमें डॉ. प्रदीप अग्रवाल (चेयरमैन, ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट) और डॉ. जी.एस. नट (सीनियर जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन) शामिल थे इस अवसर पर चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर ग्लैडविन संदीप नैय्यर ने कहा कि शैल्बी पिछले तीन दशकों से देश में जॉइंट रिप्लेसमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है।

# जिले की पंचायत समिति और जिला परिषद सीटों के लिए रिजर्वेशन जारी

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

डिप्टी कमिश्नर कम डिस्ट्रिक्ट इलेक्टोरल ऑफिसर ने साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर जिले की पंचायत समिति और जिला परिषद सीटों के लिए रिज़र्वेशन जारी किया है। पंचायत समिति डेराबस्सी के तहत आने वाली जूली, मलकपुर और गुरु नानक कॉलोनी सीटों को एससी के लिए रिज़र्व किया गया है। जवाहरपुर और चंदियाला को एससी की महिलाओं के लिए रिज़र्व किया गया है। समगोली, पंडावाला, परागपुर, खेरी गुजरां, अमलाला, झरमडी, भागसी, सरासिनी और कुरावाला महिलाओं के लिए रिज़र्व की गई हैं। धर्मगढ़ बी.सी के लिए रिज़र्व की गई है। हंडेसरा, खेलन, त्रिवेदी कैंप, भांखरपुर, रानी माजरा, बसोली और हुमायूंपुर को जनरल रखा गया है।

पंचायत समिति खरड़ के तहत सवादा, झंजेरी और सोतल को एससी महिलाओं के लिए रिज़र्व किया गया है। मछली कलां और चोलटा खुर्द को एससी महिलाओं के लिए रिज़र्व किया गया है। सिउंक, अल्लापुर, सहोरा, कालेवाल और घोघा को महिलाओं के लिए रिज़र्व किया गया है। बड़ी करोड़ां, मुल्लांपुर गरीबदास, चंदियाला, चोलटा खुर्द और मजातरी को जनरल रखा गया है। माजरी के तहत माजरी और जैंतीमाजरी को एससी के लिए रिज़र्व किया गया है। खिजराबाद और झिंगरा कलां को शेड्यूल्ड कास्ट महिलाओं के लिए रिज़र्व किया गया है। पुलिस स्टेशन गोबिंदगढ़, मिर्जापुर, झंडेमाजरा, निहोलका और त्यूर महिलाओं के लिए रिज़र्व किए गए हैं। मानकपुर शरीफ, बरोदी, सैनी माजरा, टीडा, पढोल और रुड़की खाम को जनरल रखा गया है। मनाना, बड़माजरा कॉलोनी, दौन, लांडरां, कंबाला, दुराली, कराला, हुल्का और बूटा सिंह वाला को महिलाओं के लिए रिज़र्व किया गया है। धर्मगढ़ (बी) को बी.सी के लिए रिज़र्व किया गया है। बालोंगी, भागोमाजरा, मनोली, कुरडी, मोटेमाजरा, सनेटा, गोबिंदगढ़, मानकपुर और खेड़ा गजू को जनरल रखा गया है। खेड़ा गजू को एस.सी महिलाओं के लिए रिज़र्व किया गया है। मुल्लांपुर गरीबदास, खिजराबाद, धर्मगढ़ और कुरदा को महिलाओं के लिए रिज़र्व किया गया है। जोलन कलां, भांखरपुर, मोली बैदवान और टीडा को जनरल रखा गया है।

# नाईपर मोहाली में मनाया संविधान दिवस



**परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

नाईपर मोहाली में संविधान दिवस 2025 अत्यंत उल्लास और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सेक्रेटेरिएट बिल्डिंग के सामने संविधान की प्रस्तावना पढ़कर की गई। इसके बाद दोपहर 3 बजे सेंट्रल सेमिनार हॉल में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें एक ज्ञानवर्धक गेस्ट लेक्चर शामिल था। इस अवसर पर जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, वाईएमसीए फरीदाबाद के रजिस्ट्रार एवं पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज़ के प्रो. अजय रंगा ने "इंडियन कॉन्स्टिट्यूशनः ए विज़न डॉक्यूमेंट ऑफ डेवलप्ड इंडिया" विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने संविधानिक मूल्यों की अहमियत, भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका और विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में संवैधानिक प्रावधानों के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने भारत सरकार की ओर से हासिल विभिन्न विकास पैरामीटर्स का उल्लेख करते हुए उनके संवैधानिक सिद्धांतों से संबंध पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष प्रो. अभय एच. पांडे द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

**पुरस्कार**

## शिक्षा की सुलभता और परिवर्तनकारी शक्ति को समर्पित आजीवन मिशन का अंतरराष्ट्रीय मान

# सीजीसी यूनिवर्सिटी, मोहाली के संस्थापक चांसलर जापान में द फादर ऑफ एजुकेशन पुरस्कार से सम्मानित

**समर न्यूज़ | मोहाली**

गहन प्रशंसा और ऐतिहासिक गौरव के इस अंतरराष्ट्रीय क्षण में, वैश्विक शैक्षणिक समुदाय, टोक्यो, जापान में एक असाधारण सम्मान देखा; जब "सी.जी.सी. यूनिवर्सिटी, मोहाली के माननीय संस्थापक कुलाधिपति रशपाल सिंह धालीवाल को आधिकारिक रूप से "द फादर ऑफ एजुकेशन" से विभूषित किया गया। यह सम्मान, अपने स्वरूप में दुर्लभ और महत्व में विराट, शिक्षा को प्रत्येक शिक्षार्थी के लिए सुलभ, किफायती और जीवन-परिवर्तनकारी शक्ति में रूपांतरित करने के उनके आजीवन समर्पण का प्रमाण है।

गहरे सम्मान और वैश्विक महत्व से चिह्नित एक समारोह में, जापान ने "द फादर ऑफ एजुकेशन" शीर्षक से अंकित एक स्मारक मानद सिक्के का अनावरण किया, जिसने 25 वर्षों की उल्लेखनीय शैक्षणिक नेतृत्व और सामाजिक प्रभाव से निर्मित एक विरासत को अमर कर दिया।




कुलाधिपति रशपाल सिंह धालीवाल को विभूषित करते हुए - समर न्यूज़

इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति देखी गई, जिनमें हिरोमी सुमी-सान, मिनिस्ट्री ऑफ इकॉनमी, ट्रेड एंड इंडस्ट्री (METI), साउथवेस्ट एशिया डिवीजन, उमेश नौटियाल-सान, सचिव, एम्बेसी ऑफ इंडिया इन जापान, AOTS (एसोसिएशन फॉर ओवरसीज टेक्निकल कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबल पार्टनरशिप्स) के प्रतिनिधि, सातोशी मोरी-सान एवं यूया सुजुकी-सान, हमामात्सु रीजनल इनक्यूबेशन, युमा मोरी-सान एवं यासुहिको योशिदा-सान, BREXA क्रॉस बॉर्डर और AOTS, मराठे आश्लेष अरुण-सान, सुकुबा यूनिवर्सिटी, क्योकुजित्सु कॉर्पोरेशन शामिल थे।

इन नेताओं ने सामूहिक रूप से उस दूरदर्शी के वैश्विक प्रभाव को स्वीकार किया, जिन्होंने शिक्षा में एक परिवर्तनकारी मार्ग प्रशस्त किया है, जिसने हजारों छात्रों को सशक्त बनाया है, उत्कृष्टता के संस्थानों को आकार दिया है, और यह पुनर्परिभाषित किया है कि शैक्षिक सुलभता का वास्तविक अर्थ क्या है। इस अवसर पर संबोधित करते हुए, सी.जी.सी. यूनिवर्सिटी, मोहाली के माननीय संस्थापक कुलाधिपति स. रशपाल सिंह धालीवाल ने कहा "शिक्षा वह चीज़ नहीं है जिसे हम देते हैं, यह वह प्रकाश है जिसकी हम रक्षा करते हैं। मैं केवल इसका संरक्षक हूँ, जिसे यह सुनिश्चित करने का कर्तव्य सौंपा गया है कि कि यह हर उस मार्ग तक पहुँचे जहाँ कभी सपने बुने गए थे। मेरे जीवन का कार्य यह सुनिश्चित करना रहा है कि शिक्षा, जो किफायती, समावेशी और गरिमापूर्ण हो, उन लोगों तक पहुँचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। यह सम्मान केवल उस ज़िम्मेदारी को और गहरा करता है।"

यह विशिष्ट पहचान केवल एक पुरस्कार से कहीं अधिक है, यह उद्देश्य के साथ जिए गए जीवन, दृढ़ विश्वास से निर्मित एक विरासत है, और एक ऐसी दृष्टि का अंतर्राष्ट्रीय सत्यापन है जो पीढ़ियों का उत्थान करना जारी रखती है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर जब यह सम्मान अनावरण किया गया, तब सी.जी.सी. यूनिवर्सिटी द्वारा अनुभव किया गया गौरव सीमाओं से कहीं आगे तक गूंजता है। यह एक ऐसा क्षण है जो सत्यनिष्ठा, समावेशिता और विश्व स्तरीय शिक्षा में निहित विरासत को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के संकल्प को और सुदृढ़ करता है। सी.जी.सी. यूनिवर्सिटी समुदाय के लिए, यह ऐतिहासिक उपलब्धि और ऊँचा लक्ष्य पाने, बड़े सपने देखने और उस दूरदर्शी व्यक्ति द्वारा स्थापित प्रतिबद्धता का सम्मान करने का आह्वान है जिसने यह सब निर्मित किया।

# कांतारा : चैप्टर 1 रुक्मिणी वसंत का सीक्रेट "माइंड मैजिक"



चमकती रोशनी, तेज़ रफ्तार शेड्यूल, लगातार सफ़र और हर दिन नई-नई चुनौतियाँ - एक उभरती अभिनेत्री की ज़िंदगी बाहर से जितनी ग्लैमरस दिखती है, अंदर उतनी ही तूफ़ानी हो सकती है।

लेकिन रुक्मिणी वसंत ने इस तूफ़ान के बीच अपनी शांति ढूंढ़ ली है - एक बेहद सरल, बेहद निजी और चौंकाने वाला रिचुअलः जर्नलिंग।

हाँ, डायरी में लिखना - वही पुरानी आदत, जिसे हममें से कई लोग छोड़ चुके हैं - यही रुक्मिणी की सबसे बड़ी सुपरपावर है। चाहे दिन कितना भी भागमभाग वाला हो, चाहे सेट पर कितने भी सीन हों, चाहे सफ़र कितना भी लंबा हो, रुक्मिणी रात को अपनी डायरी के पन्नों से ज़रूर मिलती हैं। यह उनका तरीका है खुद से दोबारा जुड़ने का, मन के शोर को शांत करने का और ज़िंदगी को एक साफ़ नज़र से देखने का।

वह इस रिचुअल पर खुलकर कहती हैं, "जर्नलिंग वही जगह है जहाँ मैं रुककर खुद को देख पाती हूँ। मैं अपनी पुरानी डायरीज़ खूब पढ़ती हूँ - वो नज़रिया देती हैं। बिर्बल से पहले की मेरी चिंता, ड्रामा स्कूल के दिनों की उलझनें आज से इतनी अलग, पर उतनी ही सच्ची।

इससे समझ आता है कि जो आज बड़ा तूफ़ान लग रहा है, कुछ साल बाद वही हल्की सी हवा जैसा लगेगा।"

और यह बेहद खूबसूरत बात है - एक उभरती स्टार जो हर हफ्ते हेडलाइन में है, वह अपनी सबसे बड़ी स्थिरता कागज़ और कलम से पाती है।

अब जब रुक्मिणी दो विशाल पैन-इंडियन प्रोजेक्ट्स — यश के साथ Toxic: A Fairytale for Grownups और जूनियर एनटीआर के साथ बहु-प्रतीक्षित NTRNeel की तैयारी में हैं, उनकी ज़िंदगी पहले से ज्यादा तेज़ है।

मगर इस तेज़ी में उनकी डायरी ही वो शांत एंकर है जो उन्हें जमीन से जोड़े रखता है, उनके विचारों को साफ़ करता है और उनकी ताकत बनकर खड़ी रहती है।

# साईं बाबा की पवित्र कफनी और पादुका लेकर आईं शिल्पा शेट्टी





**नई दिल्ली।** 90 के दशक की बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी साईं बाबा में गहरी आस्था रखती हैं। उन्हें कई बार अपने परिवार के साथ शिरडी साईं मंदिर में दर्शन करते हुए देखा गया है। अब एक्ट्रेस ने पूरी श्रद्धा के साथ अपने घर पर साईं बाबा का स्वागत किया है और खुद को कृतज्ञता और प्रेम से भरा महसूस कर रही हैं।

शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह अपने पूरे परिवार के साथ साईं बाबा की पूजा करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने घर पर साईं बाबा का कीर्तन रखा और उनकी पवित्र कफनी और पादुका अपने घर लेकर आई हैं।

वीडियो में शिल्पा अपने पति और बच्चों के साथ साईं बाबा की आरती उतारती दिख रही हैं।

उन्होंने कैप्शन में लिखा, "साईं, मैं आपकी पवित्र कफनी और पादुका को घर लाते हुए कृतज्ञता और प्रेम से भर गई हूं। आपकी दिव्य उपस्थिति मेरे घर और हृदय को भर दे, और मुझे श्रद्धा और सबुरी से मार्गदर्शन प्रदान करें, ॐ साईं राम।"

शिल्पा शेट्टी इंस्टाग्राम पर भी साईं बाबा के वॉलपेपर शेयर करती रहती हैं। कभी वे भगवान शिव और भगवान विष्णु से जुड़े वॉलपेपर भी पोस्ट करती हैं।

बता दें कि साईं भक्तों के लिए बाबा की पवित्र कफनी और पादुका की पूजा करना बहुत शुभ माना जाता है।

भक्तों के बीच मान्यता है कि पवित्र कफनी और पादुका की पूजा करने से साईं बाबा की विशेष कृपा उनके परिवार पर होती है। कफनी एक तरह का लंबा वस्त्र होता है, जिसे साईं बाबा पहनते थे। पवित्र वस्त्र को सादगी और धैर्य का प्रतीक माना जाता है।

शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा पहले से कानूनी पचड़े में फंसे हैं। दोनों पर एक व्यापारी के साथ 60 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने शिल्पा और राज की कंपनी के चार कर्मचारियों से पूछताछ भी की है। शाखा को शक है कि मामला 60 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी का है और क्या वाकई कंपनी की फर्निशिंग में 20 करोड़ रुपए का खर्च आया है, जितना निवेशकों को बिल में दिखाया गया है।

इससे पहले मामले में शिल्पा शेट्टी ने कोर्ट से विदेश जाने की इजाजत भी मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने ये कहते हुए इनकार कर दिया कि पहले 60 करोड़ रुपए वापस दीजिए और उसके बाद जहां जाना है वहां जाइए।

# गाबा टेस्टः वापसी को तैयार पैट कमिंस, ब्रेंडन डॉजेट को बाहर बैठना पड़ सकता है



**नई दिल्ली।** एशेज सीरीज का दूसरा टेस्ट ब्रिसबेन के गाबा में 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है। इंजरी की वजह से लंबे समय से क्रिकेट से दूर कप्तान पैट कमिंस गाबा टेस्ट से वापसी कर सकते हैं। कमिंस की वापसी ऑस्ट्रेलिया की ताकत को और बढ़ाएगी। द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ऑस्ट्रेलिया की दूसरी टेस्ट के लिए घोषित होने वाली टीम में पैट कमिंस का नाम होगा। पैट कमिंस की वापसी के अलावा दूसरे टेस्ट के लिए घोषित होने वाली प्लेइंग इलेवन में बड़ा बदलाव दिखने की उम्मीद नहीं है। पहले माना जा रहा था कि सितंबर में हुई पीठ की इंजरी की वजह से पैट कमिंस को एशेज के पांचों टेस्ट से बाहर रहना पड़ सकता है, लेकिन कमिंस ने रिकवरी के लिए कड़ी मेहनत की है।

कमिंस की वापसी से ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी भी मजबूत होगी। कमिंस अगर वापसी करते हैं, तो कप्तान भी वही होंगे। स्टीव स्मिथ से जिम्मेदारी ली जा सकती है।

कमिंस की अगर प्लेइंग इलेवन में वापसी होती है, तो ब्रेंडन डॉजेट को बाहर बैठना पड़ सकता है।

क्रिकेट.कॉम.एयू से बात करते हुए ब्रेंडन डॉजेट ने गुरुवार को कहा कि कमिंस ठीक हो रहे हैं। अगर वह गाबा के लिए जगह नहीं बना पाते, तो इस मौके का फायदा उठाने के लिए वह मानसिक रूप से तैयार हैं। फिलहाल हम जीत का मजा ले रहे हैं और सभी को अपने परिवारों के पास वापस जाने दे रहे हैं। हम रविवार को ब्रिस्बेन पहुंचेंगे।

# महिला बिग बैश लीग : सीजन के बाकी मैच नहीं खेलेंगी जेमिमा रोड्रिग्स



**नई दिल्ली** । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स महिला बिग बैश लीग में सीजन के बाकी मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी। उनकी टीम ब्रिस्बेन हीट ने इसकी पुष्टि की है। ब्रिस्बेन हीट ने बताया, "जेमिमा रोड्रिग्स महिला बिग बैश लीग के बाकी मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया वापस नहीं आएंगी। रोड्रिग्स 10 दिन पहले होबार्ट हरिकेंस के साथ हीट के मैच के बाद मंधाना की शादी में हिस्सा लेने के लिए घर आई थीं, लेकिन उनके पिता के बीमार पड़ने पर इवेंट कैंसिल कर दिया गया। 24 साल की जेमिमा ने परिवार को सपोर्ट करने के लिए भारत में रहने का फैसला किया है। टीम उनके फैसले का सम्मान करती है।"

टीम के सीईओ टेरी स्वेनसन ने कहा कि जेमी के लिए यह मुश्किल समय रहा है। दुख की बात है कि वह महिला बिग बैश लीग में आगे हिस्सा नहीं लेंगी, लेकिन हम भारत में रहने की उनकी रिक्वेस्ट मानने को तैयार थे। हीट क्लब साफ तौर पर उन्हें और स्मृति मंधाना के परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है। रोड्रिग्स के फैंस में निराशा है। वह इस साल क्लब की टॉप इंटरनेशनल ड्राफ्ट पिक थीं और ब्रिस्बेन के साथ अपने दूसरे स्टिंट में थीं, लेकिन हम उनकी बेहतरी को प्राथमिकता देते हैं।

उन्होंने आगे कहा, "जेमी ने हमें बताया कि वह वापस न आ पाने से निराश हैं, और उन्होंने क्लब और हीट के फैंस को हालात को समझने के लिए तारीफ की है। वह खिलाड़ियों के टच में हैं और उन्होंने बाकी मैचों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।"

जेमिमा रोड्रिग्स भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सर्वाधिक प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में से एक हैं। विश्व कप 2025 के सेमीफाइनल में खेली गई उनकी 127 रन की पारी को कौन भूल सकता है? रोड्रिग्स की इस पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज की थी और फाइनल में जगह बनाई थी। रोड्रिग्स की इस पारी ने भारत के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया में भी उनकी लोकप्रियता बढ़ा दी है। यही वजह है कि महिला बिग बैश लीग में ब्रिस्बेन हीट के फैंस को उनका बेसब्री से इंतजार था।

# विमेंस ब्लाइंड टी20 विश्व कप विजेता टीम से मिले राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को ब्लाइंड टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम से नई दिल्ली स्थित 10 जनपथ में मुलाकात की। इस मौके पर राहुल गांधी ने खिलाड़ियों को विश्व कप जीत की बधाई दी। भारत ने रविवार को कोलंबो में खेले गए खिताबी मुकाबले में नेपाल के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की थी। इस मुकाबले में नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 114 रन बनाए। नेपाल की तरफ से सरिता घिमिरे ने सर्वाधिक 35 रन बनाए, जबकि बिमला रानी ने 26 रन की पारी खेली। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 12.1 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। भारत की तरफ से फुला सरेन ने सर्वाधिक 44 रन बनाए, जबकि करुणा ने 42 रन की पारी खेली। इनके अलावा, बसंती हासंदा ने 13 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। भारत ने इस विश्व कप ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, पाकिस्तान, नेपाल और यूएसए को शिकस्त देकर खिताब जीता। सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर 9 विकेट से जबरदस्त जीत हासिल की थी। इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने अपने सभी 7 मैच जीते।

भारतीय टीम जब खिताब जीतकर भारत लौटी, तो बेंगलुरु एयरपोर्ट पर टीम का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर टीम ने केक काटकर जीत का जश्न मनाया।

भारतीय कप्तान दीपिका ने विश्व कप खिताब जीतने पर खुशी जताते हुए कहा था, "हमें भारत को खिताब जिताकर बेहद खुशी है। पूरी टीम ने एकसाथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया है खिलाड़ियों ने अपनी जिंदगी में काफी मेहनत की है। यह हमारे लिए गर्व का पल है।"

वहीं, ऑलराउंडर सुषमा पटेल के अनुसार, इस खिताबी जीत ने खिलाड़ियों की जिंदगी बदल दी है। यह सपने के सच होने जैसा है। गंगा कदम ने बताया कि विश्व कप से पहले उन्हें नेपाल एक मजबूत टीम लग रही थी, लेकिन जब टीम इंडिया टूर्नामेंट में उतरी, तो दूसरी टीमें उनसे डर रही थीं।

# 'हम वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ दुनिया का स्वागत करने को तैयार', कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी पर पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** भारत के अहमदाबाद शहर को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिली है। इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जताते हुए कहा है कि भारतवासी 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ दुनिया का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "2030 के सेन्टेनरी कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी का अधिकार भारत को मिलने पर अत्यंत खुशी है।

भारत के लोगों और हमारे खेल स्पोर्टिंग इकोसिस्टम को हार्दिक बधाई। यह हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता और खेल भावना की शक्ति है, जिसने भारत को वैश्विक खेल मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ, हम इन ऐतिहासिक खेलों को अद्भुत उत्साह के साथ मनाने के लिए उत्सुक हैं। हम दुनिया का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।" केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा, "भारत के अहमदाबाद में 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करने की प्रतिष्ठित बोली जीतने पर प्रत्येक देशवासी को बधाई। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को एक ग्लोबल स्पोर्ट्स हॉटस्पॉट बनाने के विजन का सबूत है।

एक दशक से ज्यादा की मेहनत के बाद, पीएम मोदी ने वर्ल्ड-क्लास स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है और असरदार गवर्नेंस और आसान टीमवर्क के जरिए हमारे देश की क्षमता को बढ़ाया है।"

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लिखा, "आइए जश्न मनाते हैं। भारत को मिली 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी। अहमदाबाद को 2030 शताब्दी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए होस्ट शहर घोषित किया गया है।"

बीजेपी सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने लिखा, "भारत के लिए ऐतिहासिक पल। अहमदाबाद को 2030 शताब्दी कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए चुना गया है, जिससे 20 साल बाद कॉमनवेल्थ भारत वापस आ रहा है। हमारी खेल यात्रा के इस नए अध्याय पर गर्व है।"

स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में हुई एक बैठक में अहमदाबाद के नाम पर मुहर लगी। कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की बोली में भारत का मुकाबला नाइजीरिया के अबुजा से था, लेकिन कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने अफ्रीकी देश को कॉमनवेल्थ गेम्स 2034 के एडिशन के लिए विचार में रखने का फैसला लिया।

# रोजाना करें नौकासन, जानें अभ्यास का सही तरीका और लाभ



सनातन धर्म में प्राचीन काल से चली आ रही योग की परंपरा आज भी हमारे जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ऐसे कई सारे योगासन हैं, जो शरीर को मानसिक और शारीरिक मजबूती प्रदान करते हैं। इन्हीं में से एक योगासन है नौकासन। यह आसन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और ऊर्जा भी प्रदान करता है। हम आपको नौकासन के स्वास्थ्य लाभ और अभ्यास के बारे में बताएंगे। इसे करने के लिए योगा मैट बिछा लें। अब नौकासन करने के लिए मैट पर पीठ के बल लेट जाएं और पैरों को आपस में जोड़ें। अपने दोनों हाथों को शरीर के बगल में सीधा रखें। गहरी सांस लें और सांस छोड़ते हुए छाती और पैरों को एक साथ ऊपर उठाएं। अपने हाथों को पैरों की ओर खीचें, जिससे वे पैरों के समानांतर हों। शरीर का ऊपरी और निचला भाग एक 'वी' आकार में आना चाहिए। अपनी कमर को सीधा रखें और नाभि को अंदर की ओर खींचते हुए पेट की मांसपेशियों को सक्रिय करें। आपकी आंखें पैरों की उंगलियों पर होनी चाहिए। इस स्थिति में कुछ सेकंड के लिए रुकें और सामान्य रूप से सांस लेते रहें। सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे वापस सामान्य स्थिति में आ जाएं।

आयुष मंत्रालय के अनुसार, नौकासन करने से शरीर मजबूत और संतुलित होता है। साथ ही, यह पेट की मांसपेशियों को मजबूत करता है और पाचन क्रिया को सुधारने और संतुलन व स्थिरता बढ़ाने में मदद करता है।

पीठ के बल लेटकर इस योग को करने से रीढ़ की हड्डी फ्लेक्सिबल हो जाती है, जिससे इसको मजबूती मिलती है। साथ ही शरीर में रक्त संचार सुचारु रूप से होता है।

यह योगासन ब्लड सर्कुलेशन को सामान्य करने और शुगर लेवल को बनाए रखने में भी मदद करता है। यह वजन और पेट की चर्बी को घटाने में मददगार है।

हालांकि, आयुष मंत्रालय दिल की गंभीर बीमारी, अस्थमा, माइग्रेन, तेज सिरदर्द, लो ब्लड प्रेशर, या गर्भावस्था के दौरान नौकासन न करने की सलाह देता है।

### बाल-बाल बचे दो युवक, पुलिस घटना की जांच में जुटी

# लोहारा पुल के पास देर रात युवक ने पड़ोसी पर दागी तीन गोलियां

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़


घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित मनदीप बस्सी - समर न्यूज़

कनाल एवेन्यू इलाके में लोहारा पुल के पास देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे फायरिंग की घटना से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, पड़ोस में हुए मामूली विवाद के बाद मनदीप जिंदल नाम के युवक ने अपने पड़ोसियों पर 2 से 3 फायर कर दिए। गनीमत रही कि पीड़ित युवक नीचे झुक गया, जिससे वह गोली लगने से बच गया। पूरी वारदात की वीडियो भी मौके पर मौजूद लोगों ने रिकॉर्ड कर ली।

पीड़ित मनदीप बस्सी ने पुलिस चौकी मराडो में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनका बेटा गली में कुत्ते को रोटी डाल रहा था। इसी दौरान मनदीप जिंदल का ड्राइवर तेज रफ्तार में गाड़ी लेकर वहां से निकला। उन्होंने ड्राइवर को समझाया कि गाड़ी धीरे चलाएं, किसी को नुकसान पहुंच सकता है, लेकिन ड्राइवर ने उल्टा जवाब देते हुए कहा कि गाड़ी इसी तरह चलेगी, चाहे मालिक को बता दो। इसके बाद मनदीप बस्सी अपने साथी रोहित के साथ जिंदल के पास बात करने पहुंचे।

बस्सी के अनुसार जैसे ही उन्होंने ड्राइवर की हरकतों का जिक्र किया तो आरोपी मनदीप जिंदल गुस्से में आगबबूला हो गया और अचानक पिस्तौल निकालकर उन्हें धमकाने लगा। रोहित के मुताबिक जिंदल ने मौके पर कुल तीन फायर किए। जिनमें से दो फायर की वीडियो भी बनी हुई है। वह दोनों नीचे झुक गये, जिससे उनकी जान बच गई। फायरिंग की आवाज सुनकर इलाके में दहशत फैल गई। फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि इस्तेमाल की गई पिस्तौल लाइसेंसी है या अवैध। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से आरोपी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। उधर, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना के सभी वीडियो उनके पास मौजूद हैं और मामले की गंभीरता से जांच जारी है। जल्द ही आरोपी पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया जाएगा।

## दिवंगत स.बलवीर सिंह ग्रेवाल का पाठ का भोग आज

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

हलका पूर्वी से विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल के पिता सरदार बलबीर सिंह ग्रेवाल बीते 21 नवंबर शनिवार की सुबह अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु चरणो में लीन हो गए।



उनका अंतिम संस्कार रविवार को तीन नंबर स्थित कश्मीर नगर के गौशाला श्मशानघाट में किया गया। इस दौरान उनकी चिता को मुखाग्नि विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल, कुलविंदर सिंह ग्रेवाल,पोते रणजोध सिंह ग्रेवाल और लक्षदीप सिंह ग्रेवाल ने नम आंखों से दी। स्वर्गीय स.बलबीर सिंह ग्रेवाल की आत्मिक शांति के निमित्त रखे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग 28 नवंबर दिन शुक्रवार को 12 बजे दोपहर से डेढ़ बजे तक लुधियाना के गुरु गोबिंद सिंह नगर स्थित टिब्बा रोड नजदीक एमएलए दलजीत सिंह ग्रेवाल।

# नशा छुड़ाने वाले युवाओं का कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

समर न्यूज़ | लुधियाना

पंजाब सरकार की युद्ध नशा विरुद्ध मुहिम को मजबूती देते हुए जिला प्रशासन ने जगराओं स्थित सरकारी पुनर्वास केंद्र में नशा मुक्ति उपचार से गुजर रहे युवाओं के लिए 10 दिवसीय कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम डेयरी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग और सन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नशा छोड़ चुके युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें समाज में दोबारा सम्मानजनक स्थान दिलाना है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डिप्टी डायरेक्टर, डेयरी विकास विभाग सुरिंदर सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को डेयरी फार्मिंग, पशुपालन, दूध उत्पादन और संबंधित गतिविधियों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की, ताकि वे उपचार के बाद स्वयं का डेयरी व्यवसाय शुरू कर सकें।

डिप्टी कमिश्नर हेमांशु जैन ने बताया कि सरकार की मंशा नशा मुक्ति के बाद युवाओं को स्थायी रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यदि इन युवाओं को रोज़गार और उद्देश्य नहीं मिलेगा, तो उनके दोबारा नशे की ओर लौटने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए प्रशासन का ध्यान उन्हें मज़बूत आर्थिक आधार प्रदान करने पर केंद्रित है।

अंतिम अरदास



विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला) जी के पिता
बलबीर सिंह ग्रेवाल
के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि भेंट करते हैं।
अकाल पुरख से प्रार्थना करते है दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।
दुःखी हृदय
ताजपुर फिश मार्किट वेलफेयर एसोसिएशन
चेयरमैनः- गुरप्रीत सिंह डिम्पी
वाईस प्रधानः- जतिंदर अरोड़ा
प्रधानः- हरप्रीत सिंह
महासचिवः- मोहित सोनकर
मेंबर :- कवलप्रीत सिंह, अनिल सिंह, सुबाष मोरवाल, विपुल सोनकर, सागर मोरवाल, राकेश यादव, कारन यादव, शंटी, फरमा

## कोर्ट कॉम्प्लेक्स से फरार हुआ आरोपी

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

बुधवार दोपहर कोर्ट कॉम्प्लेक्स में उस समय हड़कंप मच गया जब हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में गिरफ्तार हरविंदर सिंह उर्फ भल्ला पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। थाना मुल्लांपुर दाखा में 24 नवंबर को हरविंदर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बुधवार को उसे अदालत में पेशी के लिए एएसआई कुलदीप सिंह और सिपाही गुरपिंदर सिंह लेकर पहुंचे थे। जैसे ही वे आरोपी को लेकर पार्किंग एरिया में आए, उसने मौके का फायदा उठाते हुए हथकड़ी से हाथ निकाल लिया। इसके बाद अचानक सिपाही गुरपिंदर सिंह को जोरदार धक्का देकर वह भीड़ और खड़ी गाड़ियों के बीच से निकलकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## PMS कॉन्क्लेव 2025 में डॉ. मनीषा मित्तल पायनियर ऑफ एक्सीलेंस सम्मान से सम्मानित

नई दिल्ली | समर न्यूज़


डॉ. मनीषा मित्तल को सम्मानित करते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा - समर न्यूज़

पायनियर ऑफ मेडिकल साइंसेज़ कॉन्क्लेव 2025 आज इंडिया हैबिटेट सेंटर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एसआरएस फाउंडेशन और सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस राष्ट्रीय कॉन्क्लेव ने देश भर के विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और स्वास्थ्य पेशेवरों को एक मंच पर जोड़ा। “स्वस्थ भारत – समृद्ध भारत” थीम पर आधारित यह आयोजन स्वास्थ्य सेवा में नवाचार, नीति सुधार और सहयोगी मॉडल पर विचार-विमर्श के लिए एक अहम मंच साबित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा रहे, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में उभर रही प्रगतियों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाएँ एक परिवर्तनकारी दौर से गुजर रही हैं, जहाँ सरकार, निजी क्षेत्र और सिविल सोसायटी का साझेदारी मॉडल देश को तकनीक-संचालित, समान और सुलभ स्वास्थ्य प्रणाली की ओर तेजी से ले जा सकता है। कॉन्क्लेव के दौरान, डॉ. मनीषा मित्तल को कॉस्मेटोलॉजी और एस्थेटिक मेडिसिन में उत्कृष्ट योगदान के लिए ‘पायनियर ऑफ एक्सीलेंस’ सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा सहित विभिन्न विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में प्रदान किया गया। डॉ. मनीषा मित्तल पिछले 12 वर्षों से कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी और एस्थेटिक्स के क्षेत्र में कार्यरत हैं। वह IFS और FOGSI की आजीवन सदस्य हैं तथा लेबियाप्लास्टी, वेजिनोप्लास्टी, हाइमनोप्लास्टी सहित अनेक कॉस्मेटिक और रिकन्स्ट्रक्टिव प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता रखती हैं।

अंतिम अरदास



आपको बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला) जी के पिता
स्वर्गीय स. बलबीर सिंह ग्रेवाल
अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर अकाल चरणों में जा विराजे हैं।
उनकी आत्मिक शांति के निमित्त रखे गये श्री अखंड पाठ साहिब का भोग
28-11-2025 दिन शुक्रवार, दोपहर 12.00 से 1.30 बजे तक गुरु गोबिंद सिंह नगर, टिबा रोड, नजदीक MLA दलजीत ग्रेवाल ऑफिस के पास, लुधियाना में होगा।
दुःखी हृदय
MLA Daljit Singh Grewal - Balwinder Kaur Grewal (Son-Daughter-in-law)
Kulwinder Singh Grewal - Damanpreet Kaur Grewal (Son-Daughter-in-law)
Parmjit Kaur Lit - Chamkaur Singh Lit (Daughter & Son-in-law)
Inderjit kaur Cheema - Ajitpal Singh Cheema (Daughter & Son-in-law)
Parmjit Kaur Gill- Tajinderpal Singh Gill (Daughter & Son-in-law)
Ranjodh Singh Grewal (Grand Son)
Lakshdeep Singh Grewal (Grand Son)
Harjot Kaur Grewal (Grand Daughter)
GREWAL FAMILY 99155-00500 | 9876094000
Gursharn Deep Singh (PA MLA Daljeet Grewal)
Jagdish Lal Disha Councillor (Ward No.6)
Lakhwinder Choudhary Councillor (Ward No.5)
Anuj Choudhary Councillor (Ward No.11)
Sukhmail Grewal Councillor (Ward No.14)
Ashwani Sharma Councillor (Ward No.16)
Nidhi Gupta Councillor (Ward No.19)
Lovely Manocha Councillor (Ward No.29)
Amarjit Singh Councillor (Ward No.28)

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 83